

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



भूल जाएं भारी ज्वेलरी, चलन में आ ........



शादियों में जाएं तो .....

वर्ष : 12 | अंक : 65 | लखनऊ, 26 फरवरी, गुरुवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# भविष्य में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा भारत-जापान औद्योगिक सहयोग : सीएम

## मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश आने, निवेश करने और प्रदेश के आध्यात्मिक स्थलों का अनुभव लेने का आग्रह किया

**अमन लेखनी समाचार/ राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में दुनिया के बड़े निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर के बाद जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे। यहां आयोजित वृहद यूपी निवेश रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां के उद्योगपतियों और निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज सुरक्षित माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, बड़ी बाजार क्षमता और युवा कार्यबल के कारण निवेश के लिए भारत का सबसे बेहतर राज्य बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश आने, निवेश करने और प्रदेश के आध्यात्मिक स्थलों का अनुभव लेने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यूपी में निवेश के माध्यम से भारत-जापान औद्योगिक सहयोग भविष्य में और मजबूत होगा। जापान को 'लैंड ऑफ द सनराइज' बताते हुए सीएम योगी ने कहा कि इस पावन धरा को नमन करता हूं। उत्तर प्रदेश सूर्यवंश के राजा भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली है। यही नहीं, भगवान बुद्ध की पावन कर्मभूमि भी उत्तर प्रदेश ही है। भगवान बुद्ध से जुड़े विश्व के सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, श्रावस्ती, कुशीनगर, कौशांबी, सहित अनेक पवित्र स्थल उत्तर प्रदेश में स्थित हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में रामायण सर्किट एवं बौद्ध



सर्किट को प्रभावी ढंग से विकसित किया जा रहा है, जिससे स्पिरिचुअल टूरिज्म को नई गति मिली है। जब भगवान राम और भगवान बुद्ध की बात होती है, तो यह सूर्यवंश की उस महान परंपरा से जुड़ती है, जिसकी प्रथम किरण का उदय जापान की धरती पर होता है। इसी सांस्कृतिक आत्मीयता के साथ मैं आप सभी का स्वागत करता हूं। मुख्यमंत्री ने जापान के उद्यमियों को विशेष रूप से यीडा क्षेत्र में प्रस्तावित जापान इंडस्ट्रियल सिटी के बारे में भी जानकारी दी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास ही जापानी निवेशकों के लिए जापान इंडस्ट्रियल सिटी विकसित की जा रही है। इसके लिए 500 एकड़ भूमि चिन्हित कर ली गई है। इसका उद्देश्य है कि जापानी उद्योग एक ही स्थान पर क्लस्टर के रूप में निवेश कर सकें।

## यूपी में मेगा ट्रांसफॉर्मेशन से उद्योगों का बढ़ा भरोसा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश को भारत का उभरता औद्योगिक ग्रोथ इंजन बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में पिछले नौ वर्षों में व्यापक परिवर्तन हुआ है, जिसने यूपी को निवेश के लिए सबसे भरोसेमंद गंतव्य बना दिया है। मारुति सुजुकी के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (कॉरपोरेट अफेयर्स) राहुल भारती ने कहा कि लगभग नौ वर्ष पहले तक उत्तर प्रदेश मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के लिए आकर्षक नहीं माना जाता था, लेकिन नई सरकार के गठन के बाद राज्य में मेगा ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी को हर क्षेत्र में नंबरवन बनाने का लक्ष्य रखा और कुछ ही वर्षों में उसके परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे। आज उत्तर प्रदेश राजस्व, वित्तीय अनुशासन, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, कृषि उत्पादन, पौधरोपण, एथेनॉल उत्पादन, हैंडीक्राफ्ट निर्यात और पर्यटन जैसे अनेक क्षेत्रों में अग्रणी है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इलेक्ट्रिक और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वाहन नीति के कारण यूपी देश में ईवी तथा हाइब्रिड वाहनों की वृद्धि दर में शीर्ष राज्य बन गया है। महत्वपूर्ण बात यह रही कि यह उपलब्धि सरकारी राजस्व में कमी लाए बिना हासिल हुई, बल्कि राजस्व में वृद्धि दर्ज की गई। राहुल भारती ने यूपी की नीति व्यवस्था को वाइब्रेंट पॉलिसी इकोसिस्टम बताते हुए कहा कि मजबूत कानून-व्यवस्था, तेज निर्णय क्षमता और त्वरित क्रियान्वयन उद्योगों के लिए भरोसेमंद वातावरण तैयार करते हैं। सुब्रोस और स्पार्क मिंडा जैसी ऑटो कंपोनेंट कंपनियां यूपी में सक्रिय हैं, जिससे राज्य का ऑटोमोबाइल इकोसिस्टम मजबूत हुआ है। रोड शो में मिंडा कोऑपरेशन लि. के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आकाश मिंडा ने कहा कि आज का उत्तर प्रदेश स्केल, स्पीड और स्टेबिलिटी का सशक्त उदाहरण है।

## खबर संक्षेप

### गाजियाबाद के ग्रीन फील्ड स्कूल में घुसा तेंदुआ

**गाजियाबाद।** यूपी के गाजियाबाद के गोविंदपुरम के ग्रीन फील्ड स्कूल



में तेंदुए की सूचना है। इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। एहतियात के तौर पर बैरिकेडिंग करके सुरक्षा इंतजाम किए गए। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। पुलिस सुरक्षा के इंतजाम कर रही है। 7 घंटे बाद उसे बाहर निकालने की खबर है।

### पंजाब के निजी विवि का कुलपति बर्खास्त

**लुधियाना।** पंजाब के जगराओं स्थित सीटी विवि के कुलपति को



रमजान में विशेष भोजन व्यवस्था की मांग करने वाले कश्मीरी मुस्लिम छात्रों के साथ दुर्व्यवहार, धमकी देने के आरोपों के बाद बर्खास्त कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने पुलिस व सामुदायिक नेताओं के समन्वय से स्थिति को शांत करने के लिए हस्तक्षेप किया।

### झारखंड के पूर्व सीएम चंपई के पोते की मौत

**शिमला।** पर्यटन नगरी के एक होमस्टे में झारखंड के पूर्व



मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के 22 वर्षीय पोते की मौत हो गई है। सोमवार दोपहर को वह बिस्तर से गिरा। जिसके बाद अस्पताल ले जाते वक्त मुंह से झाग निकली। अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### कर्नाटक सीएम पद पर गृहमंत्री ने भी ठोंका दावा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सीएम पद को लेकर खींचतान खत्म होने का नाम



नहीं ले रही है। अभी सीएम सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच ही खींचतान थी, अब राज्य के गृह मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जी परमेश्वर भी सीएम पद की रेस में शामिल हो गए हैं। परमेश्वर ने कहा उनके समर्थक सीएम पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव दे रहे हैं।

### सीजेआई ने अरमानों पर फेरा पानी, कहा- सर्टिफिकेट भी दिखाना होगा

# 10वीं के एडमिट कार्ड पर वोटर-आई डी स्वतंत्र पहचान पत्र नहीं, यह केवल सहायक दस्तावेज मान्य

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पश्चिम बंगाल में चल रही चुनाव आयोग के एसआईआर के बीच सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण कानूनी स्पष्टीकरण जारी किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह साफ कर दिया है कि 10वी क्लास का एडमिट कार्ड अपने आप में एक स्वतंत्र पहचान पत्र नहीं होगा बल्कि इसे केवल एक सहायक दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा।

यह फैसला उन हजारों नागरिकों के लिए बड़ी राहत और स्पष्टता लेकर आया है जो अपनी पहचान साबित करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। अदालत ने स्पष्ट किया कि एडमिट कार्ड तभी वैध माना जाएगा जब उसके साथ संबंधित पास सर्टिफिकेट भी संलग्न हो। सीजेआई के नेतृत्व वाली बेंच ने यह आदेश वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस नायडू द्वारा उठाए गए संशय के बाद दिया। इस फैसले का सीधा असर बंगाल में चल रहे सत्यापन कार्य की पारदर्शिता और प्रमाणिकता पर पड़ेगा, जिससे दस्तावेजी धोखाधड़ी की गुंजाइश कम होगी।

### इससे दस्तावेजी धोखाधड़ी की गुंजाइश कम होगी

बंगाल में एसआईआर के बीच सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला दिया



सुप्रीम कोर्ट

### अदालत किसी भी प्रकार की ढिलाई या अस्पष्टता के पक्ष में नहीं

सुप्रीम कोर्ट का यह स्पष्टीकरण प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने वाला है। सीजेआई के इस रुख से यह स्पष्ट है कि पहचान सत्यापन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर अदालत किसी भी प्रकार की ढिलाई या अस्पष्टता के पक्ष में नहीं है। यह आदेश बंगाल के नागरिकों के लिए प्रक्रिया को और अधिक सटीक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सुनवाई के दौरान सीजेआई, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पांचोली की पीठ ने स्पष्टता पर जोर दिया। मामले का उल्लेख तब हुआ जब वकील ने यह चिंता जताई कि क्या 10वीं के एडमिट कार्ड को 'स्टैंडअलोन' (अकेला) पहचान पत्र माना जा सकता है।

### कोर्ट ने यह भी कहा

- सप्लीमेंट्री डॉक्यूमेंट: अदालत ने दोहराया कि एडमिट कार्ड को प्राथमिक पहचान पत्र नहीं माना जा सकता। यह केवल मुख्य दस्तावेजों की पुष्टि के लिए एक सहायक कागज होगा।
- सर्टिफिकेट अनिवार्य: पहचान सत्यापन के लिए एडमिट कार्ड के साथ कक्षा 10 का 'पास सर्टिफिकेट' होना अनिवार्य है। बिना सर्टिफिकेट के केवल एडमिट कार्ड पेश करना पर्याप्त नहीं होगा।
- एसआईआर में पारदर्शिता: इस आदेश का उद्देश्य पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर अभ्यास में किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति को रोकना है।

### बंगाल एसआईआर और पहचान का संकट

बंगाल में पहचान सत्यापन की प्रक्रिया लंबे समय से कानूनी और प्रशासनिक चर्चाओं में रही है। कई मामलें में पुराने एडमिट कार्ड्स को ही उम्र और पहचान का एकमात्र प्रमाण मान लिया जाता था। सीजेआई के इस आदेश ने अब उस लीगल लूपहोल को बंद कर दिया है। यह आदेश सुनिश्चित करता है कि केवल प्रमाणित शैक्षणिक रिकॉर्ड ही सरकारी डेटाबेस का हिस्सा बनें।

## बंगाल में एसआईआर पर अब भाजपा का सवाल

### पूर्व मुख्य सचिव की गिरफ्तारी की मांग उठाई

बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर जहां सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पहले से ही



हंगामा कर रही है, वहीं अब इस विवाद में विपक्षी भाजपा भी कूद पड़ी है। भाजपा ने एसआईआर पर एक उच्चस्तरीय बैठक में पूर्व मुख्य सचिव मनोज पंत की मौजूदगी को लेकर सवाल खड़े किए हैं और इसे पूरी तरह अवैध करार देते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने उत्तर 24 परगना के बारासात में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य की टीएमसी पर न्यायपालिका को प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि बैठक केवल निर्धारित अधिकारियों के साथ होनी चाहिए, जिसमें राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक हों।

### ममता की मौजूदगी पर भी बवाल

यह पहली बार नहीं है जब मनोज पंत की मौजूदगी को लेकर विवाद हुआ हो। इससे पहले भी मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के दौरान उनकी मौजूदगी पर सवाल उठे थे। कोलकाता में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के बाहर मंगलवार को उस समय तनाव फैल गया जब नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी वहां पहुंचे। आरोप है कि कुछ टीएमसी समर्थक बूथ लेवल अधिकारियों ने गो बैक के नारे लगाए और कथित तौर पर जूता भी फेंका, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई।

### टीएमसी बोली- ऐसी घटनाओं का समर्थन नहीं करते



पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा और इस दौरान एक व्यक्ति के घायल होने की खबर है। वहीं, टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी इस तरह की घटनाओं का समर्थन नहीं करती, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि सुवेंदु अधिकारी लगातार लोगों को उकसा रहे हैं, जिसके चलते ऐसी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने एसआईआस प्रक्रिया और प्रशासनिक निष्पक्षता को लेकर राज्य की राजनीति को और गर्मा दिया है। बंगाल के अधिकारियों ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है।

### नबीन ने नेहरू पर लगाया बड़ा आरोप

## तिब्बत में भारत के हक चीन को सौंपे, केवल परिवारहित बढ़ाया



नितिन नबीन

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने नेहरू-गांधी परिवार पर हमला बोला है। बुधवार को उन्होंने उन्होंने इसे 'समझौता मिशन' की राजनीति बताते हुए आरोप लगाया कि परिवार के हितों को देशहित से ऊपर रखा गया। नवीन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1954 में बिना किसी प्रतिफल के तिब्बत में भारत के अधिकार चीन को सौंप दिए।

उन्होंने कहा कि नेहरू के फैसलों ने राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाया। देश का युवा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहता है। यदि उसे गुमराह करने की कोशिश की जाती है तो यह समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जनता अब तथाकथित 'समझौता मिशन' को समझ चुकी है और भविष्य में वही नेतृत्व स्वीकार करेगी जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखे।

### राजीव ने रक्षा सौदों का उपयोग निजी हितों में किया

नबीन ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि उस समय रक्षा सौदों का इस्तेमाल निजी हितों के लिए किया गया। रक्षा सेवाओं के माध्यम से निजी बैंक खातों को भरने का काम हुआ। नवीन ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 'विदेशी शक्तियों की कठपुतली' बताते हुए कहा कि कांग्रेस का चुनावी इतिहास यही है।

### भाटिया ने प्रियंका को 'फीमेल गजनी' कहा

गाजा को लेकर दिए गए बयान पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी



वाड्रा और भाजपा के बीच सियासी टकराव तेज हो गया है। प्रियंका गाजा में कथित नरसंहार का मुद्दा उठाने और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करने की बात कही थी। भाजपा ने प्रियंका पर चुनिंदा आक्रोश दिखाने का आरोप लगाया और उन्हें भारतीय राजनीति की फीमेल गजनी कहा। भाटिया ने 1,200 की हत्या और दुराचार पर प्रियंका चुप क्यों है?

### राहुल ने मो. दीपक को बताया देशभक्त

## नफरत के खिलाफ खड़े होकर पेश की नई मिसाल

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल



गांधी ने उत्तराखंड के कोटद्वार के जिम संचालक दीपक कुमार की सराहना करते हुए उन्हें सच्चा देशभक्त बताया है।

राहुल ने कहा कि दीपक ने नफरत के खिलाफ डटकर कमजोर की रक्षा की और इससे बड़ी देशभक्ति कोई नहीं हो सकती। दीपक उस समय चर्चा में आए जब उन्होंने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का विरोध किया, जो कथित तौर पर एक मुस्लिम दुकानदार को परेशान कर रहे थे। राहुल ने एक्स पर दीपक और उनके मित्र विजय रावत के साथ मुलाकात का वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा कि देश में करोड़ों लोगों के दिल में प्रेम और सौहार्द्र की भावना है, लेकिन मन में डर भी है। दीपक ने लोगों को रास्ता दिखाया है। जो समाज को डराते हैं, वे कायर हैं। उनसे डरने की जरूरत नहीं है। दीपक ने तिरंगे और संविधान की रक्षा की है।

### कृषि मंत्री शिवराज की दो टूक

## किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह



चौहान ने कृषि क्षेत्र में केंद्र सरकार की ओर से किए गए कार्यों की तारीफ की।

उन्होंने कहा कि आज की तारीख में कृषि क्षेत्र में हालात सुधरे हैं। वहीं शेष विसंगतियों को दूर करने की दिशा में काम किया जा रहा है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। उन्होंने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली का ही नतीजा है कि आज हम चावल के उत्पादन में शीर्ष स्थान पर आ चुके हैं। गेहूं के उत्पादन की मात्रा में भी इजाफा देखने को मिला है। खाद्यान्न का 33 फीसद हिस्सा बढ़ा है और हमें पूरा विश्वास है कि आगामी दिनों में हम इसी दिशा में काम करते रहेंगे। हमने इस संबंध में पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। हम उसी के अनुरूप अभी काम कर रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया बोले- यह मामला चौंकाने वाला

## आईना-तौलिया के इंतजाम चाह रहे निदेशक पर होगी कार्रवाई, 7 दिन में जवाब पेश करें

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

बीएसएनएल के निदेशक विवेक बंजल के प्रस्तावित प्रयागराज दौरे वाला विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसे अनुचित और अस्वीकार्य बताया।

निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है। दरअसल दौरे की तैयारी में करीब 50 अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपे जाने के निर्देश थे। निजी उपयोग की वस्तुओं तक की



व्यवस्था के लिखित निर्देश थे। इसके बाद से ही ये पत्र वायरल हो गया। सिंधिया ने साफ कहा कि स्थापित नियमों और प्रशासनिक परंपराओं का उल्लंघन बर्दश्त नहीं किया जाएगा। निदेशक को 7 दिन में जवाब देने को कहा गया है। मंत्री ने कहा कि यह 21वीं सदी है और इस तरह का व्यवहार चौंकाने वाला है।

### दौरे की तैयारी में क्या क्या लिखा गया था?

*कार्यालय आदेश के अनुसार बंजल 25-26 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज आने वाले थे। 19 फरवरी को जारी प्रोटोकॉल नोटिस में लगभग 50 अधिकारियों और कर्मचारियों को अलग-अलग कार्य सौंपे गए। कार्यक्रम में स्वागत, संगम स्नान, नौका विहार और बड़े हनुमान मंदिर, अक्षयवट तथा पातालपुरी मंदिर के दर्शन शामिल थे। किस अधिकारी की क्या भूमिका होगी, यह लिखित में दर्ज था।*

# टोक्यो में तिलक लगाकर हुआ योगी का अभिनंदन

## भारत-जापान के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों की दिखी झलक

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** टोक्यो में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भारतीय समुदाय के लोगों ने अत्यंत आत्मीयता के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर प्रवासी भारतीयों के चेहरे खिल उठे। उनके आगमन पर टोक्यो एयरपोर्ट का पूरा वातावरण उत्साह, आत्मीयता और गर्वित भाव से भरा दिखाई दिया। प्रवासी भारतीयों ने जिस गर्मजोशी और भावनात्मक जुड़ाव के साथ उनका स्वागत किया, वह केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि अपने देश-प्रदेश के प्रति गहरे लगाव का स्वाभाविक प्रदर्शन था।

मुख्यमंत्री के आगमन से पहले ही एयरपोर्ट के स्वागत स्थल पर पारंपरिक भारतीय परिधानों में सजे लोग बड़ी संख्या में एकत्र हो चुके थे। अधिसंख्य महिलाओं ने सलवार सूट या साड़ी पहनी थी तो पुरुष कुर्ता-पायजामे में नजर आए। कई लोगों ने भगवा रंग के परिधान धारण कर अपने सांस्कृतिक जुड़ाव को अभिव्यक्त किया। एक बच्ची ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप मुख्यमंत्री के माथे पर तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। सीएम योगी को अपने बीच पाकर प्रवासी भारतीयों के चेहरों पर उत्साह साफ झलक रहा था। लोग मुख्यमंत्री की एक झलक पाने और उनके साथ तस्वीर लेने को आतुर दिखाई दिए। एक प्रवासी भारतीय ने मुख्यमंत्री को भारत-जापान के आध्यात्मिक संबंधों को दशार्ता एक विशेष पोस्टर भेंट किया, जिसमें दोनों देशों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक चिन्हों का उल्लेख था।

एक अन्य महिला ने मुख्यमंत्री को हस्तनिर्मित पेंटिंग उपहार स्वरूप भेंट की, जो भावनात्मक सम्मान का प्रतीक बन गई। टोक्यो आगमन पर यामानाशी प्रांत के वाइस गवर्नर जुनिचि इशिदरा ने भी मुख्यमंत्री की अगवानी की। यह स्वागत केवल एक शिष्टाचार भेंट नहीं, बल्कि भारत व जापान के बीच मजबूत होते रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों का प्रमाण भी था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जापान यात्रा दो देशों के आधिकारिक दौरे का हिस्सा है और जापान की उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। कई प्रवासी भारतीयों के लिए यह क्षण इसलिए भी खास रहा क्योंकि उन्होंने अपने गृह प्रदेश के मुख्यमंत्री को वैश्विक मंच पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते देखा। प्रवासी समुदाय ने इस दौरे को उत्तर प्रदेश के विकास, निवेश और औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं से जोड़कर देखा। उनके मन में यह विश्वास झलकता रहा कि यह यात्रा भारत व जापान के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देगी। टोक्यो में सीएम योगी को मिला आत्मीय स्वागत इस बात का प्रमाण था कि भौगोलिक दूरी चाहे जितनी हो, दिलों के बीच कभी दूरी नहीं होती।

# उत्तर प्रदेश को ड्रोन हब बनाने की दिशा में बड़ी पहल

## रक्षा, दूरसंचार, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर एवं उन्नत विनिर्माण में साझेदारी के नए द्वार खुले

लखनऊ। जर्मनी प्रवास पर गए भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व कर रहे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैबिनेट मंत्री (आईटी) सुनील कुमार के साथ अग्रणी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। उप मुख्यमंत्री ने जापान की बहुराष्ट्रीय कंपनी फुजीकुरा लिमिटेड के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ उन्नत सेंसर प्रौद्योगिकी, स्वायत्त प्लेटफॉर्म तथा स्मार्ट अवसंरचना से जुड़े विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक में उत्तर प्रदेश में प्रोटोटाइपिंग एवं उन्नत विनिर्माण इकाई स्थापित करने की संभावनाओं, ऑटोमोटिव एवं ई-व्हीकल सेक्टर हेतु स्मार्ट सेंसर एवं इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के निर्माण, स्मार्ट सिटी एवं डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में सहभागिता तथा अनुसंधान एवं नवाचार आधारित सहयोग मॉडल पर गंभीर चर्चा हुई। कंपनी ने प्रदेश में अपनी प्रोटोटाइपिंग तथा मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों की



स्थापना को लेकर गहरी रुचि व्यक्त की, जो उत्तर प्रदेश को उच्च-प्रौद्योगिकी विनिर्माण एवं नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत है।

इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने जर्मनी की अग्रणी ड्रोन निर्माण कंपनी क्वांटम सिस्टम के साथ बैठक कर तकनीक हस्तांतरण, संभावित निवेश मॉडल तथा उत्तर प्रदेश में उन्नत ड्रोन विनिर्माण एवं अनुसंधान केंद्र स्थापित करने के अवसरों पर विस्तृत विमर्श किया। बैठक में रक्षा एवं नागरिक उपयोग हेतु अत्याधुनिक प्रणाली के विकास, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत औद्योगिक सहयोग तथा अनुसंधान एवं कौशल विकास के क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाओं पर सकारात्मक संवाद हुआ। कंपनी ने अपने एकीकृत मल्टी-डोमेन ड्रोन इकोसिस्टम एवं रक्षा व नागरिक उपयोग के प्रमुख अनुप्रयोगों का प्रस्तुतीकरण किया, जिससे सहयोग की व्यापक संभावनाएं उभरकर सामने आईं। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने टेलीफोनिका 02 तथा हेन्सोल्ड्टके साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन बैठकों में दूरसंचार, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, रक्षा सहयोग, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसरों पर विस्तृत चर्चा हुई। वार्ता के दौरान उन्नत संचार नेटवर्क, सुरक्षित कनेक्टिविटी, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, आधुनिक सेंसर एवं एवियोनिक्स सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर प्लेटफॉर्म तथा परीक्षण एवं उत्पादन हब की स्थापना की संभावनाओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। कंपनी प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश के डिफेंस कॉरिडोर, सुदृढ़ औद्योगिक आधारभूत संरचना एवं निवेश-अनुकूल नीतियों की सराहना करते हुए प्रदेश में दीर्घकालिक साझेदारी की संभावनाओं पर सकारात्मक रुख व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर तथा पारदर्शी औद्योगिक नीतियां निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण प्रदान कर रही हैं।

# गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज में संवाद सेतु व्यवस्था शुरू, 10 मिनट में देना होगा जवाब

अमन लेखनी समाचार

- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यमंत्री असीम अरुण की उपस्थिति में शुरू हुई व्यवस्था

**लखनऊ।** जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच संवाद को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज में बुधवार को संवाद सेतु (जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर) व्यवस्था लागू की गई।

पायलट प्रॉजेक्ट के रूप में इस पहल का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद को अधिक सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'संवाद सेतु' व्यवस्था को शुरू किया। बैठक में एमएलसी अवनीश कुमार सिंह, तीनों जिलों के जनप्रतिनिधि, हरदोई और कन्नौज के जिलाधिकारी, गाजियाबाद के सीडीओ, ब्लॉक प्रमुख और अन्य अधिकारी शामिल हुए।

**सभी जनप्रतिनिधियों के लिए समान व्यवस्था :** इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि संवाद सेतु के तहत जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

स्टाफ की तैनाती कर दी गई है। सीयूजी नंबर अपडेट कर कॉल मॉनिटरिंग प्रणाली सक्रिय कर दी गई है और सभी को 10 मिनट के अंदर कॉल रिसीव या कॉल बैक करने के निर्देश जारी किए गए हैं। मीटिंग में राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि यह व्यवस्था पक्ष, विपक्ष और निर्दलीय सभी जनप्रतिनिधियों के लिए समान रूप से उपलब्ध है। अधिकारी हों चाहे जनप्रतिनिधि, हमारा एक ही प्रोटोकॉल है जनता की सेवा करना। आने वाले समय में इस व्यवस्था का परिणाम अच्छा मिलेगा। इसकी प्रतिदिन समीक्षा भी की जाएगी।

### यह है 'संवाद सेतु'

इस नई व्यवस्था के अंतर्गत कन्नौज, हरदोई और गाजियाबाद जनपद में जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर (डीसीसीसी) स्थापित किया गया है। अगर किसी अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधि की कॉल 10 मिनट के भीतर रिसीव या कॉल बैक नहीं की जाती है, तो जनप्रतिनिधि कमांड सेंटर को सूचित कर सकेंगे। कमांड सेंटर संबंधित अधिकारी को तुरंत कॉल बैक के लिए निर्देशित करेगा और संवाद सुनिश्चित करेगा। यह व्यवस्था केवल कार्य दिवसों और कार्यालय समय में और सरकारी (सीयूजी) नंबरों पर लागू होगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों नशे की हालत में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी पहचान होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बीती 23 फरवरी को एक अज्ञात युवक सरोजनी नगर स्थित अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास काफी नशे की हालत में पहुंचा। वह कई बार सड़क पर गुजर रही गाड़ियों के आगे कूद कर जान देने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान कुछ लोगों ने उसे हटाकर किनारे किया, लेकिन बाद में वह फिर सड़क पर पहुंचा और अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। बाद में स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी। इसके बाद एंबुलेंस के जरिए उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने वहां से लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया। जहां हालत अधिक गंभीर होने के कारण उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। ट्रामा सेंटर में मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के जरिए उसकी पहचान कानपुर के कल्याणपुर थाना अंतर्गत नवाबगंज स्थित मौकदी खेड़ा निवासी 34 वर्षीय पिंटू विश्वकर्मा के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने उसकी पहचान की। वहीं सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक के माता-पिता की काफी पहले मौत हो चुकी है। वह अविवाहित होने के साथ तीन भाई, दो बहनों में सबसे छोटा था। मृतक काम के लिए कानपुर स्थित घर से लखनऊ आया था। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि वह विवाह न होने को लेकर परेशान रहता था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि इसी वजह से वह अधिक नशा कर गाड़ियों के सामने कूद रहा था। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच की जा रही है।

# केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी और पंचायती राज राज्य मंत्री ने मत्स्य अनुसंधान संस्थान, तेलीबाग का किया दौरा

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी, पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल ने मंगलवार शाम, राष्ट्रीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान तेलीबाग लखनऊ का दौरा किया। उन्होंने एक प्रगति समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और संस्थान के वैज्ञानिकों और अधिकारियों के साथ बातचीत की। बैठक में मछली आनुवंशिक संसाधनों का संरक्षण, अत्याधुनिक अनुसंधान पहल, आधुनिक तकनीकों का एकीकरण और मत्स्य पालन क्षेत्र के सतत विकास के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गई। प्रो. बघेल ने वैज्ञानिकों की सराहना की और निरंतर अनुसंधान और नवाचार की आवश्यकता पर जोर दिया। संस्थान के निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती ने संस्थान की प्रमुख गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य के रोडमैप को रेखांकित किया। बैठक में रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) की उभरती चुनौती और मत्स्य पालन क्षेत्र



पर इसके संभावित दीर्घकालिक प्रभाव पर भी चर्चा की गई। प्रो. बघेल ने झारखंड की महिला प्रशिक्षुओं के साथ ऑनलाइन बातचीत भी की, और मत्स्य पालन में वैज्ञानिक प्रगति को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और रोजगार के पर्याप्त नए अवसर पैदा करने के लिए एक प्रमुख स्तंभ बताया।

# धामी कैबिनेट की बैठक में 1.11 लाख करोड़ के बजट को मिली हरी झंडी

अमन लेखनी समाचार



**देहरादून।** उत्तराखंड की आर्थिक दिशा तय करने वाली मंत्रिपरिषद बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 1.11 लाख करोड़ रुपये के बजट प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विकास, सामाजिक कल्याण और बुनियादी ढांचे को केंद्र में रखकर बजट को अंतिम रूप दिया गया। यह प्रावधान बीते वर्ष की तुलना में करीब दस प्रतिशत अधिक है।

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने जानकारी दी कि बैठक में 32 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें से 28 को मंजूरी मिली। साथ ही आवश्यक परिस्थितियों में बजट में संशोधन का अधिकार मुख्यमंत्री को प्रदान किया गया है।

राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा और अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना का दायरा बढ़ाया है।

अब 21 अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय भी इस योजना से लाभान्वित होंगे। इसके अतिरिक्त स्वामी विवेकानंद उत्तराखंड पुस्तकालय योजना को स्वीकृति दी गई है, जिसके तहत शैक्षणिक संस्थानों में आधुनिक पुस्तकालय सुविधाएं विकसित की जाएंगी। विशेष शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए चार शिक्षकों की नियमित नियुक्ति को भी मंजूरी दी गई।

**पर्यावरण प्रबंधन और जल संरक्षण :** प्रदेश के 11 नगर निगमों में पर्यावरण अभियंताओं के पद सृजित करने का निर्णय लिया गया है, जिससे शहरी प्रदूषण नियंत्रण और निगरानी तंत्र को मजबूती मिलेगी। उपचारित जल के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नई नीति को भी हरी झंडी दी गई है। साथ ही उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कर्मचारियों के लिए सेवा नियमावली 2026 को मंजूरी प्रदान की गई।

**पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान :** बाल एवं मातृ स्वास्थ्य सुधार के उद्देश्य से मुख्यमंत्री बाल पोषण अभियान (बाल पालाश योजना) में अतिरिक्त पोषण सामग्री जोड़ी गई है। महिला पोषण योजना में अंडा, दूध, केला और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है, ताकि कुपोषण की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। कैबिनेट ने न्यायिक एवं प्रशासनिक ढांचे को मजबूती देने के उद्देश्य से न्याय प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए विकासनगर, काशीपुर और नैनीताल में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट स्थापित किए जाएंगे।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों में 14 कोर्ट मैनेजर पदों का सृजन किया जाएगा। जीएसटी अपीलीय अधिकरण की राज्य पीठ देहरादून में बनी रहेगी, जबकि हल्द्वानी में अतिरिक्त पीठ गठित की जाएगी। सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो को वित्त विभाग के अधीन लाने का भी निर्णय लिया गया।

कैबिनेट ने आधुनिक सेब नर्सरी विकास योजना 2026 और मौन पालन नीति 2026 को स्वीकृति दी है, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों की आजीविका और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की संभावना है। इसके अलावा स्टोन क्रशर और हॉट मिक्स प्लांट से संबंधित नीतियों में संशोधन कर औद्योगिक गतिविधियों को अधिक सुव्यवस्थित बनाने की पहल की गई है। कारागार प्रशासन के लिपिकीय ढांचे के पुनर्गठन को भी मंजूरी मिली है।

# भाजपा सरकार ने शंकराचार्य का किया अपमान : अखिलेश

## सपा अध्यक्ष ने उन्नाव और कानपुर दौरे में भाजपा पर जमकर साधा निशाना

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने शंकराचार्य का अपमान किया है। शंकराचार्य को अध्यात्म की त्रिवेणी गंगा जी में स्नान नहीं करने दिया। पुलिस ने धक्का मार कर शंकराचार्य के रथ को बाहर कर दिया। शंकराचार्य के साथ चल रहे बटुकों को मारा-पीटा उनकी शिखा खींची। अब शंकराचार्य पर झूठा मुकदमा लगवा दिया। जिसने झूठा मुकदमा कराया है उसके भाजपा नेताओं से सम्बन्ध है। उसकी फोटो भाजपा के कई नेताओं के साथ है।

उन्नाव और कानपुर दौरे के दौरान बुधवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि शंकराचार्य हमारे लिए पूजनीय है। आज शंकराचार्य का सम्मान बचाने की जरूरत है। सभी लोगों को शंकराचार्य के सम्मान के लिए खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का चरित्र सभी ने देखा है जो भाजपा के खिलाफ बोलेगा, उसकी आवाज बंद करने के लिए अधिकारियों के माध्यम से न जाने क्या-क्या कराते हैं। राजनीतिक विरोध करने पर भी अधिकारियों के माध्यम से झूठे मुकदमें लगवाते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी से हमारा गठबंधन, इंडिया गठबंधन है। गठबंधन रहेगा। आने वाले समय में सभी पीडीए के लोग मिलकर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए हमारी मदद करेंगे। एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई वह कसाई हैं, जिन्होंने हरियाणा में सबसे बड़ा स्लाटर हाउस खुलवाये हैं। भाजपा सरकार ने नूह जिले में सबसे ज्यादा स्लाटर हाउस बनाया है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने गायों के दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया। कन्नौज में पहला काऊ मिल्क प्लांट लगवाया था। इस सरकार ने वह प्लांट बंद करा दिया। गौ सेवा का बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है। गोबर से लेकर सब कुछ बेच दे रहे है।

अखिलेश यादव ने कहा कि अगर भाजपा सरकार में शामिल ओबीसी, एससी-एसटी के मंत्रियों को लग रहा है कि इनके साथ भेदभाव हो रहा है तो सरकार छोड़ कर चले आये।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग ने जो वोटर लिस्ट बनायी है उसमें और चुनाव आयोग ने जो वोटर लिस्ट बनायी है उसमें बड़े पैमाने पर घोटाला किया है। ये लोग गरीब को बता देते है कि प्रधानी के वोटर लिस्ट में नाम है विधायकी में नहीं है। ये मुस्लिम भाइयों के कागज ढुंढ़वा रहे थे लेकिन अब मैं डेटा देख रहा हूं तो हिन्दू भाई ज्यादा कागज ढूंढ रहे हैं। हर जिले में लाखों मतदाताओं को नोटिस भेज रहे है। भाजपा ने हिन्दुओं पर संकट पैदा कर दिया है। याद रहे अगर वोटर लिस्ट में नाम है तभी भारत के नागरिक हैं। अगर वोट नहीं है तो नागरिक नहीं हो सकता है।

# हॉस्पिटल के सामने बना कट दे रहा दुर्घटनाओं को दावत, फल मंडी से बढ़ रही जाम की समस्या

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के साउथ सिटी इलाके में राजधानी हॉस्पिटल के सामने बने सड़क कट पर लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। आरोप है कि इस कट पर न तो कोई स्पष्ट संकेतक (साइन बोर्ड) लगाया गया है और न ही डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर या हाईलाइटर की व्यवस्था है, जिसके कारण खासकर रात के समय हादसों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, उल्टी दिशा से आने वाले वाहन अचानक कट पर मुड़ जाते हैं, जिससे सामने से आ रहे वाहनों को संभलने का मौका नहीं मिल पाता। रात में दृश्यता कम होने के कारण कई बार वाहन चालक डिवाइडर को देख नहीं पाते और गाड़ियां सीधे डिवाइडर पर चढ़ जाती हैं। इसी स्थान के आसपास लगने वाली अस्थायी फल मंडी के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क किनारे ठेले और अव्यवस्थित पार्किंग से रास्ता संकरा हो जाता है। पास ही स्थित सैनिक ढाबा के बगल से आने वाले कई वाहन चालक शॉर्टकट के चक्कर में उल्टी दिशा से ही प्रवेश कर जाते हैं, जिससे आमने-सामने की स्थिति बनती है और दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बीते कुछ समय में यहां छोटे-बड़े कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन अब तक जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि कट पर चेतावनी बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर और पर्याप्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाए, साथ ही फल मंडी को व्यवस्थित किया जाए या वैकल्पिक स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि जाम और हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# बंथरा में राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बुधवार को बंथरा में कृष्णा फैमिली ढाबा के पास सपाईयों ने जोरदार स्वागत किया। अखिलेश यादव दोपहर करीब एक बजे कानपुर रोड होते हुए अपने काफिले के साथ कानपुर जा रहे थे, तभी सपा कार्यकताओं ने उन्हें रोक कर पुष्पगुच्छ देने के साथ फूलमाला से उनका स्वागत किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी तत्परता के साथ एसआईआर में लगे रहें और विशेष तौर पर युवाओं के वोट जरूर बनवाएं, क्योंकि युवा ही परिवर्तन लाएगा। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष फॉर्म -7 का दुरुपयोग कर पीडीए समाज का वोट कटवाने के लिए लगा हुआ है। इसलिए उनके कुचक्र को सफल नहीं होने देना है। इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव, जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, राम औतार धीमान, प्रदेश सचिव संदीप यादव, सरोजनी नगर विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, प्रदेश अध्यक्ष यादव सेना जगन्नाथ यादव, जिपंस जितेंद्र यादव गुड्डू व कैप्टन यादव, सुशील यादव, पूर्व प्रधान विनोद शुक्ला, रामशरण यादव, शिवशंकर रावत, जिलाध्यक्ष मजदूर सभा ज्ञानेंद्र यादव ज्ञानू, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मनोज पाल, जिलाध्यक्ष युवजन सभा शिवकुमार टाइगर, जिलाध्यक्ष व्यापार सभा संजय यादव, रामबाबू चौरसिया, जगमोहन यादव, विवेक यादव, पूर्व अध्यक्ष केकेवी मनीष यादव, सभासद गोविंद यादव, राजेश यादव, संतोष यादव, जितेंद्र कश्यप, विनय चौरसिया, अजीत यादव, आशीष शुक्ला, अशोक कश्यप, विनय यादव, भोलू यादव (शुभम), बउवा पाण्डेय, गुड्डू यादव और सुनील कुरील सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### जंगली पशुओं के हमले से घायल हुआ राष्ट्रीय पक्षी

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। जंगली पशुओं के हमले से घायल राष्ट्रीय पक्षी को वन कर्मियों द्वारा रेस्क्यू कर इलाज कराकर रेंज कार्यालय में रखा गया है जहां पर उसका इलाज जारी है। बांगरमऊ के गांव बल्लापुर के निकट खेतों में एक मोर को घायल अवस्था में मिलने की सूचना पर गांव पहुंचे वन दरोगा पप्पू यादव द्वारा पशु चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंजमुरादाबाद के पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय लाया गया जहा पर पशु चिकित्सक डाक्टर राहुल सचान द्वारा मोर का इलाज किया गया।मोर की हालत गंभीर बनी हुई है।वन दरोगा पप्पू यादव ने बताया है कि मोर का इलाज कराकर बेहतर देखभाल हेतु नवाबाद ग्रांट स्थित रेंज कार्यालय में रखा जाएगा जहां पर देखभाल व इलाज की जाएगी।वही ग्रामीणों में चर्चा है जंगली इलाके में एक मोर नाच रहा था तभी बुधवार को सुबह जंगली सियार आदि ने हमलाकर मोर को घायल कर दिया।

### तेज रफ्तार लोडर का कहर, तीन घायल ई-रिक्शा चालक की हालत गंभीर

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार लोडर की लापरवाही से बड़ा हादसा हो गया। रामकली बुद्धि लाल साहू के विद्यालय के सामने, सूर्य प्रताप डिग्री कॉलेज से आ रही दो अध्यपिका समेत तीन लोग घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलेज की अध्यापिका शगुन मिश्रा पुत्री प्रवीण मिश्रा निवासी कस्टोलवा तथा अर्पिता द्विवेदी पुत्री मुकेश निवासी दलीगढ़ी ई-रिक्शा से जा रही थीं, तभी तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा चालक चंदन पुत्र मोहन लाल निवासी वजीर गंज गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दोनों युवतियां भी चोटिल हो गईं।घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां तैनात चिकित्सक डॉ. आदर्श सचान ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर के अनुसार शगुन मिश्रा और अर्पिता द्विवेदी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, जबकि चालक चंदन की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल, भेज दिया गया।

### फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

उन्नाव। असोहा बदलते मौसम के चलते जहां बीमारियों की बाढ़ सी आ गई है,वही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालूखेड़ा में कोई भी डॉक्टर ना होने के कारण अस्पताल फार्मासिस्ट और लैब टेक्नीशियन चला रहे हैं डॉक्टर ना होने कारण मरीज मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों के पास इलाज करा रहे हैं , जानकारी होने पर जब आज संवाद सूत्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा तो वहां फार्मासिस्ट और लैब टेक्नीशियन श्री कृष्ण सिंह मौजूद मिले वहीं मरीजों को दवा देते नजर आए जब उनसे हकीकत जानी गई तो फार्मासिस्ट ने बताया कि मौजूदा डॉक्टर अतिफा अल्वी 18 फरवरी से 1 माह की सीसीएल की छुट्टी पर गयी हैं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर पुष्कर राज के नियुक्ति हुई है डॉ राज 17 फरवरी को ज्वाइन कर लिया है ज्वाइन करने के बाद आज तक अस्पताल नहीं आए हैं। इस सम्बंध में जब प्रभारी चिकित्सा अधिकारी असोहा डॉ वी पी सिंह से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि डॉ पुष्कर राज छुट्टी लेकर अपना सामान लेने झांसी गए है ।

## कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आगामी होलिका दहन और होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बैठक की अध्यक्षता की। इसमें पुलिस प्रशासन, विभिन्न विभागों के अधिकारी और जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों (एसडीएम) और क्षेत्राधिकारियों (सीओ) से उनके क्षेत्रों में होलिका दहन स्थलों, निकलने वाले जुलूसों और स्थानीय पीस कमेटी की बैठकों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई नई परंपरा शुरू न की जाए और त्योहार में बाधा डालने वाले असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाए। संबंधित अधिकारियों को पर्व से जुड़ी सभी अनुमतियां समय पर जारी करने का भी निर्देश दिया गया।साफ-सफाई, पेयजल और विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी




ने जिला पंचायत राज अधिकारी और अधिशासी अधिकारियों को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता (विद्युत) को जर्जर और लटकते तारों को तुरंत ठीक कराने तथा एक कंट्रोल रूम स्थापित कर उसका नंबर सार्वजनिक करने को कहा गया। जल निगम के अधिशासी अभियंता को पेयजल आपूर्ति सुचारु रखने, पंप ऑपरेटरों के नंबर सार्वजनिक करने और ड्यूटी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को जिला अस्पताल और सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों व स्टाफ की ड्यूटी सूची पहले से उपलब्ध कराने तथा बिना अनुमति किसी को अवकाश न देने का निर्देश दिया गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को सक्रियरूप से तैनात रखने के भी निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब के भंडारण और बिक्री के खिलाफ अभियान चलाने तथा होली पर निर्धारित बंदी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने को कहा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को मिलावटी मावा और मिठाई की दुकानों पर सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, बिना अनुमति डीजे न बजाने, निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन करने और अश्लील गीतों पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए।पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी प्रकार का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम और सीओ को लगातार भ्रमणशील रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएंगी।

## टीईटी अनिवार्यता का किया गया जोरदार विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव।टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता के खिलाफ देशभर में, विशेषकर उत्तर प्रदेश में, सेवारत शिक्षकों ने कड़ा विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। शिक्षकों की मुख्य मांग है कि 2011 या नियमावली लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर यह नियम न थोपा जाए और पुराने शिक्षकों को इससे छूट दी जाए। सुप्रीम कोर्ट के सितंबर 2025 के आदेश के अनुसार पाँच साल से अधिक सेवा शेष वाले शिक्षकों के लिए दो वर्ष में टीईटी पास करना अनिवार्य किया गया है, जिसके खिलाफ शिक्षक प्रदर्शन कर रहे हैं।इस विरोध प्रदर्शन में अब शिक्षकों को जनमानस का समर्थन भी मिलने लगा हैइसी कड़ी में सफीपुर ब्लॉक के रनियाँमऊ में शिक्षक अमित तिवारी के नेतृत्व में शिक्षकों और ग्रामवासियों ने ₹शिक्षक पंचायत₹ का आयोजन किया जिसमें टीईटी अनिवार्यता का जोरदार विरोध किया गय अमित तिवारी ने कहा जो शिक्षक सालों से सेवा दे रहे हैं, उन पर नई अहर्ता थोपना अन्यायपूर्ण है।शिक्षकों में टीईटी न पास करने पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति का डर बना हुआ है उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द इस पर निर्णय नहीं लिया गया तो शिक्षक उन्नाव से पैदल मार्च करते हुए लखनऊ में विधानसभा के सामने प्रदर्शन करेंगे शिक्षकों की प्रमुख मांग ₹नियुक्ति के समय की सेवा शर्तों के अनुसार ही नौकरी जारी रखी जाए एवं पुरानी नियुक्तियों पर टीईटी को लागू न किया जाए₹ रहीं शिक्षक पंचायत में अमित तिवारी,संजीव संख्वार,देवेन्द्र त्रिपाठी,ज्ञानेन्द्र कुशवाहा,अनूप साहू, कृपा शंकर,राहुल सिंह,सुधीर कुशवाहा,नीरज प्रजापति,सौरभ वैश्य,राधा देवी,सरोजनी देवी,हेमा मालिनी,सुदेवी आदि उपस्थित रहे

## दस वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव।एक पड़ोसी पर 10 वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ का प्रयास करने का आरोप लगा है। यह घटना गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में हुई। बच्ची के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश कर रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना गंगाघाट थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि वह घर का सामान लेने पास की दुकान पर गई थी। उस समय उनकी 10 वर्षीय बेटी शना घर पर अकेली थी।आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ले का रहने वाला मजीद पुत्र कल्लू घर में घुस गया। उसने बच्ची को अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। बच्ची ने हिम्मत दिखाते हुए जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आरोपी मजीद घबरा गया और पकड़े जाने के डर से घर के पीछे वाले दरवाजे से भाग निकला।कुछ देर बाद जब बच्ची की मां घर लौटी, तो उसने अपनी बेटी को डरा-सहमा और रोता हुआ पाया। बच्ची ने अपनी मां को पूरी घटना बताई। इसके बाद मां तुरंत बच्ची को लेकर गंगाघाट कोतवाली पहुंची और आरोपी मजीद के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत दर्ज कराई।

## डीएम के निर्देश पर घाट के कब्र से शव निकाल कर भेज गया पीएम

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में मृत युवक के शव को प्रशासन ने बुधवार को फतेहपुर चौरासी के बहेलवा घाट कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह कार्रवाई डीएम के निर्देश पर एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में परिजनों के सामने कराई गई।बता दें कि 13 दिसंबर 2025 को आसीवन थाना क्षेत्र के रोलिया गाँव निवासी रामस्वरूप की पुत्रवधू सुमन पत्नी सुरेंद्र अपने पुत्र रामजी के साथ मोटरसाइकिल से बांगरमऊ थाना क्षेत्र के नेवलगंज गाँव बीमार बहन पूजा को देखने जा रही थीं। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के किलोमीटर 253 के समीप पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सुमन और उनका पुत्र रामजी गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों घायलों को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में नवाबगंज के पास रामजी की मृत्यु हो गई। परिजनों ने अज्ञानतावश मृत युवक का पोस्टमार्टम कराए बिना उसका शव फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गंगा किनारे बहेलवा घाट में दफना दिया था।इसके बाद मृतक के बाबा रामस्वरूप ने 2 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी गौरांग राठी को प्रार्थना पत्र देकर शव निकालकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। जांच के बाद डीएम के निर्देश पर एसडीएम सफीपुर शिवेंद्र वर्मा और सीओ सफीपुर सोनम सिंह व बांगरमऊ ने परिजनों की मौजूदगी में बहेलवा घाट से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।जहां वीडियोग्राफी के बीच पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## तेज रफ्तार डंपर ने ई रिक्शा में मारी टक्कर दो महिलाओं की मौत चार घायल

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत हुई भीषण सड़क दुर्घटना में अनियंत्रित डंफर ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी जिसमे दो महिलाओं की मौत हो गयी जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सौ बेड शैय्या रिफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के बिहार - बक्सर मार्ग पर मुडियनखेड़ा के समीप बुधवार शाम 3 बजे बक्सर की ओर से आ रहे अनियंत्रित डंफर ने ई रिक्शा को जोरदर टक्कर मार दी जिससे सहदेमऊ निवासी अपने देवर के बेटे की शादी में शामिल होने जा रही कपूरपुर निवासी राजवती पत्नी छविनाथ 60 की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि अन्य महिला म्रतक की खबर लिखे जाने तक शिनाख्त नही हो पाई थी।अन्य चार घायलों में ई-रिक्शा चालक लाल जी पुत्र हीरालाल निवासी-रघुनाथ खेडा,मान प्रसाद पुत्र नोखे ,हिराना पत्नी मान प्रसाद, अजीत कुमार पुत्र मान प्रसाद निवासी कलानी गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहा से सौ बेड शैय्या बीघापुर रिफर कर दिया गया। दिवंगत राजवती के दो पुत्र मुकेश ,रजनेश व दो पुत्रियां गीता,सीता है। सभी विवाहित है। घटना की सूचना पाकर उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी मधुप नाथ मिश्रा,थाना प्रभारी राहुल सिंह, चौकी इंचार्ज देवेन्द सिंह घटनास्थल पहुँचे व उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। डंफर चालक मौके से भागने में सफल रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के दौलतखेड़ा गांव निवासी दिनेश रावत की पत्नी रामरती (20) की बुधवार सुबह लखनऊ जिले थाना कृष्णानगर क्षेत्र में ही स्थित किराए के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरोप है कि पति बिना पुलिस को सूचना दिए शव को गांव ले आया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के मायके औरास क्षेत्र के हाजीपुरगोशा गांव निवासी पिता रामजीवन ने हसनगंज कोतवाली में तहरीर देकर बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगा कर पोस्टमार्टम कराने की मांग की मृतका के पिता रामजीवन ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले रामरती का विवाह दिनेश रावत से हुआ था। आरोप है कि मंगलवार रात दिनेश ने फोन कर कहा था कि अपनी बेटी को ले जाओ, नहीं तो मार डालेंगे। परिजनों का आरोप है, कि रामरती की गला दबाकर हत्या की गई है। उन्होंने पति दिनेश, ससुर रामनरेश और सास रामदेवी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मौत की खबर से मृतका की मां उर्मिला, भाई मोहित व शोभित सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि महिला की मौत लखनऊ में हुई है। शव गांव लाया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे पिता पुत्र मार्ग दुर्घटना में घायल

हादसा

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। लखनऊ में तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे पिता-पुत्र सड़क हादसे में घायल हो गए। हाजीपुर गोसा के पास उनकी बाइक को एक पिकअप ने टक्कर मार दी।रामपुर खंजड़ी गांव निवासी जगदीश प्रसाद (65) पुत्र रामलाल और उनके बेटे शरद कुमार (34) दोपहर करीब 12 बजे लखनऊ के लिए निकले थे। रास्ते में हाजीपुर गोसा के पास यह दुर्घटना हुई।राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी औरास पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया।चिकित्सकों के अनुसार, बाइक चला रहे शरद कुमार ने हेलमेट पहन रखा था, जिससे उन्हें गंभीर चोट नहीं आई।

## ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव।तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम पाटन मे चकबंदी विभाग ने ग्राम चौपाल लगा कर लोगों की समस्याएं सुनी । बैठक मे उपस्थित अधिकारियों ने शिकायतों और समस्याओं का निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया । तहसील मुख्यालय ग्राम पाटन के पंचायत भवन मे बुधवार को चकबंदी अधिकारी बीघापुर कुं विजयेन्द्र प्रताप सिंह ने ग्राम चौपाल का आयोजन कर किसानों की समस्याएं सुनी और कहा कि जिस किसान को चकबंदी सम्बन्धित कोई समस्या हो वह चौपाल मे बता सकता है । ग्रामीण राम चन्द्र ने चकरोड़ मार्गो को खुलवाए जाने की मांग की और कहा कि चकबंदी विभाग द्वारा जितने चकरोड़ मार्ग बनाए गए है अधिकांश पर लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर बन्द कर दिया है । सभी चकरोड़ मार्गों की पुनः पैमाइश कर जांच कर खुलवाए जाने चाहिए ।वही लोगों ने कहा कि धारा 52 का प्रकाशन भी सार्वजनिक मीटिंग किया जाए । जिससे सभी को जानकारी हो सके । चकबंदी अधिकारी विजयेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी चकरोड़ मार्गों का पुनः सीमांकन कराकर उनको कब्जा मुक्त करवाया जाएगा । चकबंदी से सम्बन्धित कोई समस्या हो आप सब कभी भी तहसील आकर मिल कर शिकायत कर सकते हो । इस मौके पर अशोक कुमार ,निर्मल किशोर ,ज्ञानेन्द्र बहादुर ,हरिवंश कुमार ,प्रदीप कुमार ,रोहित ,जमुना आदि उपस्थित रहे।

## कलयुगी पुत्र ने पिता को लाठी डंडों से जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत बेटे ने बाप की लाठी डंडों से जमकर कुटाई कर दी । घायल पिता द्वारा अपने बेटे के विरुद्ध तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गाँव संगनखेड़ा निवासी दिनेश चंद्र रैदास पुत्र रामदुलारे शुक्रवार घर मे लेटे हुए थे ।रात्रि करीब 10 बजे उनका लड़का रामशंकर उर्फ सौरभ रैदास घर आया और अपनी बेटी को जगाने लगा । पिता ने कहा रात में बच्चो को क्यो जगा रहे हो इसी बात को लेकर बेटे रामशंकर ने पिता की लाठी डंडों से जमकर धुनाई कर दी। पिता जान बचाने के लिए इधर उधर भागते रहे बेटा मारता रहा। पिता के दोनो हाथ फ्रैक्चर होने के बाद जब वह पस्त होकर जमीन पर गिर पड़े तब बेटा जान से मारने की धमकी देकर भाग गया ।पिता के सुमेरपुर अस्तपताल से रिफर होने के बाद जिला अस्पताल में इलाज चला। अब पिता ने तहरीर में बताया कि उसको व उसकी पत्नी को बेटे से जान का खतरा है। थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया तहरीर व मेडिकल उपरान्त मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## किशोरी हुई लापता पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अन्तर्गत आधार संसोधन कराने गयी नाबलिका के लापता हो जाने पर परेशान पिता द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के एक गाँव से पिता ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री आधार संसोधन कराने हेतु कुम्भी बाजार गयी थी वहा से वापस नही लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नही चल सका। पिता ने बताया उसकी लडकी मोबाइल नं0 96956 पर बात करती थी। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया तहरीर के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर नाबलिका का पता लगाया जा रहा है।

## तीन वर्ष की निरंतर उपलब्धियों पर खुशी-उपासना सम्मानित, डीएम ने विद्यालय आने का किया वादा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कलेक्ट्रेट परिसर में उस समय गौरवपूर्ण माहौल बन गया जब गौरांग राठी, जिलाधिकारी उन्नाव ने रामपुर गढ़ौवा की छात्राओं खुशी और उपासना को लगातार तीन वर्षों की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए अपने कार्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया। उन्होंने दोनों छात्राओं को स्वर्ण पदक पहनाकर उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।सम्मान समारोह के दौरान जिलाधिकारी ने शीघ्र ही उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा पहुंचने की घोषणा की। उन्होंने बच्चों के बीच समय बिताने और उनके साथ एक अभ्यास मैच खेलने की इच्छा जताई।विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता और खेलों में मिल रही निरंतर सफलताओं की सराहना करते हुए उन्होंने विद्यालय परिवार बच्चों के कोच की भूमिका निभा रहे शिक्षक प्रदीप वर्मा की प्रशंसा की। प्रदीप वर्मा द्वारा एमडीएम शेड निर्माण और विभिन्न झूलों की व्यवस्था के प्रस्ताव पर उन्होंने सहमति देते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।

होली के अवसर पर छात्राओं ने विद्यालय की लर्निंग बाई डूइंग प्रयोगशाला में तैयार किए गए लाल, पीले, हरे, गाजरी और गुलाबी हर्बल गुलाल जिलाधिकारी को भेंट किए। आकर्षक ढंग से सजाए गए डिब्बों में सजे इन रंगों ने सबका ध्यान खींचा। जिलाधिकारी ने गुलाल निर्माण की पूरी प्रक्रिया और उसके उद्देश्य को विस्तार से समझा। छात्राओं ने बताया कि केमिकल युक्त व विदेशी गुलाल से त्वचा की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। शिक्षक प्रदीप के मोबाइल पर निर्माण प्रक्रिया का वीडियो देखने के बाद जिलाधिकारी ने होली में सुरक्षित व स्वदेशी गुलाल के प्रयोग को प्रोत्साहित किया। खुशी और उपासना ने बीते तीन वर्षों में खेल एवं अन्य प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी प्रतिभाओं को हर संभव सहयोग दिया जाएगा ताकि वे आगे चलकर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाएं। उन्होंने विद्यार्थियों के सुरक्षित और सशक्त भविष्य के लिए आवश्यक कदम उठाने पर बल दिया और जल्द ही विद्यालय पहुंचकर सभी बच्चों से मिलने की बात दोहराई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न टीवी चैनलों के पत्रकारों ने छात्राओं का साक्षात्कार लिया। शिक्षक संजीव संखवार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह आयोजन प्रशासन और विद्यालय के समन्वय का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा, जिसने प्रतिभा, नवाचार और आत्मनिर्भरता के संदेश को मजबूती दी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गांव फखरा पुर के मजरा मदार खेड़ा में अज्ञात कारणों के चलते एक युवती का शव घर में बुधवार को लटकता मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी दिव्या उम्र करीब 22 वर्ष मंगलवार की रात कमरे में सोने चली गई।बुधवार की सुबह कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा नहीं खुल सका।किसी तरह वह कमरे में गए तो देखा कि पंखे में रस्सी के सहारे फंदे से शव लटका है।बेटी का शव देखते ही मां,बहने और अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।मृतका का पिता दूसरे राज्य में में रहकर काम करके जीवन यापन करते है। परिजन मृतका द्वारा मौत को गले लगाने का कारण स्पष्ट नहीं कर सके।

## खाटू श्याम के भक्तों ने भंडारे का किया आयोजन हजारों ने चखा प्रसाद

अमन लेखनी समाचार

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। खाटू श्याम भक्तों द्वारा फाल्गुन माह मेले के अवसर पर एक भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें तमाम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर निवासी खाटू श्याम भक्तों द्वारा स्थानीय सदर बाजार मार्ग के निकट मुख्य हरदोई उन्नाव मार्ग किनारे निजी प्रतिष्ठान पर एक भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आरती पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई जिसके बाद चावल सब्जी व मिष्ठान आदि के रूप में प्रसाद वितरित किया गया इस भंडारे में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर अंकित सैनी,श्याम जी,शुभम मौर्य,रामनरेश कुशवाहा,मिथिलेश पटेलआदि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## अलग अलग सड़क हादसे में तीन छात्र समेत आठ घायल

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुई चार मार्ग दुर्घटनाओं में पेपर देने जा रहे तीन छात्रों सहित आठ लोग घायल हो गये।घायलों को सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने गंभीर रूप से घायल सात लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जाती है। पहली घटना में कोतवाली के वजीरगंज गाँव समीप हुई। बह्मना गाँव निवासी इंटरमीडिएट का छात्र आदर्श (17) पुत्र धर्मेंद्र गाँव के ही हम उम्र साथी आर्यन पुत्र नन्हक्के के साथ बाइक से दोपहर को इंटरमीडिएट का पेपर देने के लिए ऊगू जाने को निकला था।वह जैसे ही मुख्यमार्ग के वजीरगंज गाँव समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी बाइक की टक्कर हो गई।हादसे में दूसरी बाइक सवार जटपुरवा गांव निवासी आलोक (30) पुत्र शशि विनोद द्विवेदी सहित दोनों छात्र घायल हो गये।दूसरी घटना सराय सकहन गांव के पास हुई।कोतवाली के हाजी खेड़ा गाँव निवासी धर्मवीर (15) पुत्र दुलारे सुबह की पाली में हाईस्कूल का पेपर देने सफीपुर कस्बा स्थित परीक्षा केंद्र जा रहा था। सकहन गांव के समीप अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।तीसरे घटना बीती रात कस्बे के बाहर एक गेस्ट हाउस समीप हुई।बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के बेवली इस्लामाबाद निवासी मोहित (27) पुत्र श्रीपाल अपने छोटे भाई अभिषेक (24) के साथ बाइक से सफीपुर कस्बा जा रहा था तभी अज्ञात कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सड़क पर गिरकर फिसलती चली गई जिसकी चपेट में गेस्ट हाउस के बाहर खड़े ककरौरा गाँव निवासी साहेब लाल (50) पुत्र राजा चपेट में ले आ गया।हादसे में बाइक सवार सहित साहेब लाल घायल हो गये।साहेब लाल गांव के सुखदेव की पुत्री पूजा की शादी में शामिल होने के लिए गेस्ट हाउस आया था। एक अन्य घटना में माखी के चकलवंशी गाँव समीप अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के शाहपुर बुजुर्ग गाँव निवासी पारुल सिंह(26) पुत्र कप्तान घायल हो गया।घायलों को विभिन्न साधन से सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने अभिषेक का स्थानीय स्तर पर इलाज के अन्य गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर के दिया।

## सम्पादकीय

# ट्रेड डील पर सावधान और सतर्क रहने की जरूरत

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए) पर अनिश्चितता एक बार फिर गहरा गई है। 23 से 26 फरवरी तक वाशिंगटन में होने वाली बैठक का टल जाना केवल एक तारीख का बदलना नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक व्यापार समीकरणों का संकेत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ संबंधी रुख में 24 घंटे के भीतर आए बदलावों ने इस अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है। पहले सभी वैश्विक टैरिफ को समाप्त करने की बात, फिर 10% का सार्वभौमिक टैरिफ और उसके तुरंत बाद 15% का संशोधित टैरिफ यह क्रम बताता है कि अमेरिकी व्यापार नीति फिलहाल स्थिरता से दूर है। यह अस्थिरता किसी भी देश के लिए रणनीतिक चुनौती से कम नहीं। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण है संयम, विवेक और दीर्घकालिक सोच के साथ आगे बढ़ना जरूरी है। मूल प्रस्ताव में भारत पर 18% टैरिफ लागू होने की बात थी। अब जब 15% का ग्लोबल टैरिफ प्रभावी हो रहा है, तो तकनीकी रूप से यह भारत के लिए अपेक्षाकृत राहत की स्थिति है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस राहत को स्थायी माना जा सकता है? जब नीतिगत फैसले इतने कम समय में बदल रहे हों, तब किसी भी समझौते को अंतिम मान लेना जोखिम भरा हो सकता है। यदि अमेरिकी प्रशासन का रुख अस्थिर बना रहता है, तो भारत को हर शर्त का सूक्ष्म मूल्यांकन करना होगा, ताकि भविष्य में अचानक नीति परिवर्तन से भारतीय निर्यातकों को नुकसान न उठाना पड़े। प्रस्तावित समझौते में कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। जेनेरिक दवाओं, रत्न एवं हीरे और विमान पार्ट्स पर जीरो टैरिफ की बात भारतीय उद्योग के लिए बड़ा अवसर हो सकती है। टेक्सटाइल, चमड़ा, फुटवियर, प्लास्टिक, रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल्स और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलने की संभावना है। अमेरिका का लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर का बाजार भारतीय एमएसएमई, किसानों, मछुआरों, महिला उद्यमियों और युवाओं के लिए नए अवसर खोल सकता है। विशेषकर फार्मास्यूटिकल सेक्टर, जिसमें भारत वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति रखता है, उसे बेहतर शर्तों के साथ प्रवेश मिलने से निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। लेकिन यह अवसर तभी सार्थक होंगे, जब शर्तें स्पष्ट, स्थिर और पारदर्शी हों। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि टैरिफ में दी गई छूट या रियायतें अस्थायी राजनीतिक फैसलों की भेंट न चढ़ें। विमान पार्ट्स पर अमेरिकी सेक्शन 232 के तहत छूट और ऑटो पार्ट्स के लिए टैरिफ रेट कोटा जैसी व्यवस्थाएं भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि अमेरिका अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर भविष्य में किसी भी समय नई शर्तें जोड़ सकता है। भारत को चाहिए कि वह इन प्रावधानों को केवल निर्यात अवसर के रूप में न देखे, बल्कि घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, गुणवत्ता सुधारने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने की रणनीति के साथ जोड़े। अमेरिकी नीति में दिख रही अनिश्चितता यह संकेत देती है कि भारत को जल्दबाजी में कोई अंतिम निर्णय नहीं लेना चाहिए। समीक्षा, पुनर्मूल्यांकन और सभी हितधारकों से परामर्श के बाद ही आगे बढ़ना समझदारी होगी। कुल मिलाकर बदलते वैश्विक व्यापार परिदृश्य में भारत को उत्साह नहीं, बल्कि संयम, सावधानी और सतर्कता के साथ कदम बढ़ाने होंगे। यही नीति देश के किसानों, उद्योगों और उभरते उद्यमियों के हितों की वास्तविक रक्षा कर सकेगी।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

> 25 फरवरी 2026 से प्रभावी होने वाले इन 15% के शुल्कों का सीधा प्रहार भारत के औषधीय निर्माण, वस्त्र उद्योग और अभियांत्रिकी वस्तुओं पर पड़ेगा। भारतीय औषधीय क्षेत्र का 20% निर्यात केवल अमेरिका को होता है, जो अब महंगा हो जाएगा। भारत को अब केवल अमेरिका पर केंद्रित न रहकर उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर पुनः विचार करना आवश्यक है जहां भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। अमेरिकी न्यायालय के निर्णय से सिद्ध है कि वहां की लोकतांत्रिक संस्थाएं राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगा सकती हैं, और भारत को अपनी कानूनी दलीलों और कूटनीतिक वार्ताओं में इसका लाभ उठाना चाहिए। 150 दिनों की समय सीमा भारत के लिए अवसर की खिड़की है जिसमें वह अपनी मोलभाव करने की शक्ति प्रदर्शित कर सकता है।

# बदलता टैरिफ और भारत की रणनीति

ट्रंप प्रशासन द्वारा वैश्विक आयात पर लगाए गए नए करों ने अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक जगत में एक अभूतपूर्व हलचल पैदा कर दी है। वर्ष 2026 के शुरुआती महीनों में अमेरिकी शासन और न्यायपालिका के बीच जो खींचतान देखने को मिली है, उसने भारत जैसे बड़े व्यापारिक साझेदारों के लिए अनिश्चितता और अवसर दोनों की स्थिति उत्पन्न की है। 20 फरवरी 2026 को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति द्वारा पूर्व में लगाए गए कुछ विशेष शुल्कों को अवैध ठहराते हुए यह स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत दी गई शक्तियों का असीमित उपयोग नहीं किया जा सकता। इस न्यायिक निर्णय ने भारत के लिए कुछ समय के लिए राहत की स्थिति उत्पन्न की थी, क्योंकि इससे पारस्परिक करों की दर जो अठारह से पच्चीस प्रतिशत तक जा सकती थी, वह घटकर न्यूनतम व्यापारिक दरों पर आने की संभावना बन गई थी। किंतु इसके तुरंत बाद अमेरिकी नेतृत्व ने व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 122 का प्रयोग करते हुए वैश्विक स्तर पर पहले दस प्रतिशत और फिर पंद्रह प्रतिशत के नए शुल्कों की घोषणा कर दी। ये नए शुल्क 150 दिनों की अवधि के लिए लागू किए गए हैं, जिसका मुख्य आधार भुगतान संतुलन की समस्या को बताया गया है।

भारत के दृष्टिकोण से देखें तो अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है, जहां वह प्रतिवर्ष लगभग अठारह प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अठहत्तर अरब डॉलर से अधिक का माल भेजता है। अमेरिकी प्रशासन का यह तर्क कि अन्य देश दशकों से उनका शोषण कर रहे हैं और व्यापार घाटे को कम करना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है, भारत के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय ने इन परिस्थितियों का सूक्ष्मता से आकलन करना आरंभ कर दिया है। 25 फरवरी 2026 से प्रभावी होने वाले इन पंद्रह प्रतिशत के शुल्कों का सीधा प्रहार भारत के औषधीय निर्माण, वस्त्र उद्योग और अभियांत्रिकी वस्तुओं पर पड़ेगा। भारतीय औषधीय क्षेत्र का लगभग बीस प्रतिशत निर्यात केवल अमेरिका को होता है, जो अब महंगा हो जाएगा। इसी प्रकार वस्त्र उद्योग में दस प्रतिशत की हिस्सेदारी और अभियांत्रिकी वस्तुओं की व्यापक पहुंच पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि यद्यपि यह कदम वर्तमान में अस्थायी हैं, परंतु आने वाले समय में राष्ट्रीय सुरक्षा और अनुचित व्यापार प्रथाओं से संबंधित अन्य धाराओं के अंतर्गत इन्हें स्थायी रूप से भी लागू किया जा सकता है।

भारत की प्रतिक्रिया इस पूरे विवाद में बहुत ही संतुलित और परिपक्व रही है। भारत सरकार ने नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था पर जोर देते हुए यह स्पष्ट किया है कि वह बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने की पक्षधर है। 7 फरवरी 2026 को जारी किए गए संयुक्त वक्तव्य में भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा बदलाव करते हुए रूस से कच्चा तेल खरीदने की मात्रा कम करने और उसके बदले अमेरिका से ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और कोयले की खरीद बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अनुमान लगाया गया है कि भारत आने वाले समय में अमेरिका से लगभग पांच सौ अरब डॉलर की खरीद कर सकता है, जो दोनों देशों के बीच व्यापारिक संतुलन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। भारत का मानना है कि यदि द्विपक्षीय व्यापार समझौता सफलतापूर्वक संपन्न होता है, तो वह इन अतिरिक्त शुल्कों से मुक्ति पा सकता है। भारतीय संघ बजट




2026 में भी इस दिशा में दूरदर्शिता दिखाई गई है, जहां निर्यातकों को राहत देने के लिए सीमा शुल्क में कटौती की गई है। व्यक्तिगत आयात पर करों को बीस प्रतिशत से घटाकर दस प्रतिशत करना इसी रणनीति का हिस्सा है।

भारत की आगामी रणनीति बहुआयामी होनी चाहिए ताकि अमेरिकी बाजार पर उसकी निर्भरता कम हो और वह एक स्वावलंबी आर्थिक शक्ति के रूप में उभर सके। सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ निर्यात का विविधीकरण है। भारत को अब केवल अमेरिका पर केंद्रित न रहकर यूरोपीय संघ, दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के संगठन और अफ्रीकी महाद्वीप के उभरते बाजारों की ओर देखना होगा। उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर पुनः विचार करना आवश्यक है जहां भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष घरेलू विनिर्माण क्षमता को सुदृढ़ करना है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से भारत ने पहले ही स्मार्टफोन और विद्युत चालित वाहनों के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है, जिसे अब अन्य क्षेत्रों में भी दोहराने की आवश्यकता है। मूल्य संवर्धन की शृंखला में ऊपर की ओर बढ़ना भारत के लिए अनिवार्य है ताकि वह केवल कच्चे माल का निर्यातक न रहकर उच्च तकनीक वाली वस्तुओं का निर्माता बने। इस व्यापारिक विवाद ने 'मित्र-तटीयकरण' की अवधारणा को भी जन्म दिया है, जिसका अर्थ है कि अमेरिकी कंपनियां चीन जैसे देशों से अपना उत्पादन हटाकर भारत जैसे मित्र राष्ट्रों में स्थानांतरित करें। यह लंबी अवधि में भारत के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। यदि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करती हैं और यहां से वैश्विक आपूर्ति सुनिश्चित करती हैं, तो टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, भारत को विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भी अपनी आवाज बुलंद रखनी होगी। यदि अमेरिकी प्रशासन धारा 122 का दुरुपयोग करता है, तो भारत को अन्य प्रभावित राष्ट्रों के साथ मिलकर एक सामूहिक मोर्चा बनाना चाहिए। जी-20 और क्वाड जैसे समूह भी इस दिशा में कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। जवाबी कर लगाना एक अंतिम विकल्प होना चाहिए, क्योंकि इससे व्यापार युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक होगी, जैसा कि हमने 2018 में देखा था।

डिजिटल सेवाओं और सॉफ्टवेयर निर्यात के क्षेत्र में भारत की स्थिति अधिक सुरक्षित है क्योंकि ये क्षेत्र भौतिक वस्तुओं पर लगने वाले सीमा शुल्कों से कम प्रभावित होते हैं। भारत को अपनी इस शक्ति का लाभ उठाना चाहिए। साथ ही, निर्यातकों के लिए बीमा योजनाओं और धन वापसी की प्रक्रियाओं को सरल बनाना होगा। अमेरिकी न्यायालय के निर्णय ने यह सिद्ध कर दिया है कि वहां की लोकतांत्रिक संस्थाएं राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगा सकती हैं, और भारत को अपनी कानूनी दलीलों और कूटनीतिक वार्ताओं में इस पक्ष का लाभ उठाना चाहिए। 150 दिनों की समय सीमा भारत के लिए एक अवसर की खिड़की है जिसमें वह अपनी मोलभाव करने की शक्ति का प्रदर्शन कर सकता है। प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच होने वाली उच्च स्तरीय वार्ताएं इस गतिरोध को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अंततः, ट्रंप प्रशासन की आक्रामक व्यापारिक नीतियां भारत को अपनी आर्थिक नीतियों के पुनर्मूल्यांकन का संदेश दे रही हैं। यह विवाद न केवल एक चुनौती है, बल्कि भारत के लिए अपनी विनिर्माण शक्ति को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालने का एक संकेत भी है। यदि भारत चतुराई और दृढ़ता के साथ अपनी रणनीति पर चलता है, तो वह इस संकट को एक ऐसे अवसर में बदल सकता है जहां उसकी अर्थव्यवस्था और अधिक लचीली, विविध और स्वतंत्र होकर उभरेगी। वैश्विक व्यापार के इस संक्रमण काल में भारत की भूमिका एक तटस्थ और नियम-पालक राष्ट्र की होनी चाहिए जो अपने हितों की रक्षा के साथ-साथ वैश्विक आर्थिक स्थिरता का भी सम्मान करे। संतुलित मार्ग ही वह एकमात्र रास्ता है जो भारत को एक विकसित राष्ट्र की ओर ले जाएगा और उसे वैश्विक आपूर्ति शृंखला का एक विश्वसनीय केंद्र बनाएगा।

## कला बनाम समुदाय
अम्बरीष प्रजापति



# फिल्म 'घूसखोर पंडित' विवाद और अभिव्यक्ति

भारतीय सिनेमा और विवादों का चोली-दामन का साथ रहा है, लेकिन हाल ही में नेटफ्लिक्स पर आने वाली फिल्म 'घूसखोर पंडित' के नाम पर मचे बवाल ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आर्टिकल 19(1)(a) की सीमाओं को एक बार फिर कटघरे में खड़ा कर दिया है। फिल्म के शीर्षक को लेकर न केवल सामाजिक विरोध हुआ, बल्कि देश की सर्वोच्च अदालत को भी इस मामले में हस्तक्षेप करना ही पड़ा। फिल्म के निर्माता नीरज पांडे और मुख्य अभिनेता मनोज बाजपेयी की इस फिल्म का शीर्षक जैसे ही सार्वजनिक हुआ। ब्राह्मण समुदाय और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया। जनता की भावना यह थी कि 'घूसखोर' जैसे नकारात्मक विशेषण को एक विशिष्ट जाति सूचक शब्द पंडित के साथ जोड़ना पूरे समुदाय की छवि को धूमिल करने और रूढ़िवादिता को बढ़ावा देने का प्रयास है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा के अलावा कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। यहां तक कि एफआईआर भी दर्ज की गई।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए फिल्म निर्माताओं को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणियां करते हुए स्पष्ट कहा कि किसी भी समुदाय को नीचा दिखाने वाला शीर्षक नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था के खिलाफ है। जस्टिस नागरत्ना ने याद दिलाया कि हमारे संविधान निर्माताओं ने विविधता के बीच भाईचारे की अवधारणा रखी थी, जिसे कला के नाम पर खंडित नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने दो टूक कहा कि जब तक शीर्षक नहीं बदला जाता, फिल्म रिलीज नहीं होगी। उसके बाद अभी ताजा सुनवाई में फिल्म निर्माताओं ने अदालत में हलफनामा दायर कर सूचित किया कि उन्होंने 'घूसखोर पंडित' शीर्षक को पूरी तरह वापस ले लिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि फिल्म से संबंधित सभी पुराने प्रोमोशनल मटेरियल हटा दिए गए हैं और नया नाम ऐसा होगा जो पुराने नाम से मिलता-जुलता नहीं होगा। इस आश्वासन के बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया।

यह विवाद फिल्म सेंसर बोर्ड और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ओटीटी के नियमों पर भी सवाल उठाता है। आमतौर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्मों को सिनेमैटोग्राफ एक्ट 1952 के तहत कड़े दौर से गुजरना पड़ता है, लेकिन ओटीटी सामग्री को लेकर नियम थोड़े अलग हैं। क्या ओटीटी प्लेट फॉर्म्स को भी फिल्मों की तरह सेंसर बोर्ड के कड़े दायरे में आना चाहिए? यह विवाद कोई पहली बार नहीं है इससे पहले भी पद्मावत, लक्ष्मी, सत्य प्रेम की कथा, बिल्लू बार्बर, रामलीला, मेंटल है क्या, लवरात्रि, पृथ्वीराज और सिंह साहिब द ग्रेट जैसी कई फिल्मों के समय भी हुआ था। धार्मिक प्रतीकों, नाम के गलत इस्तेमाल या सामुदायिक भावनाओं के प्रति असंवेदनशीलता के दावों के चलते दबाव में इन फिल्मों के नाम बदलने पड़े थे।

"फिल्म का उद्देश्य मनोरंजन और जागरूकता होना चाहिए। जब कला विवादों की ढाल बनकर किसी की भावनाओं को आहत करती है, तो वह अपनी मौलिकता खो देती है। 'घूसखोर पंडित' विवाद भारतीय फिल्मकारों के लिए एक चेतावनी भी है और जिम्मेदारी का पाठ भी।"

विवाद के बाद फिल्म के ट्रेलर री-एडिट करने, डिजिटल मार्केटिंग से पुराने नाम के लिंक हटाने और नई ब्रांडिंग करने में आने वाला भारी खर्च का नुकसान होना। विवादों में आने से फिल्म की नेगेटिव पब्लिसिटी से कई बार बड़े ब्रांड्स विज्ञापन से हाथ खींच लेते हैं जिसके कारण भारी आर्थिक नुकसान का खामियाजा झेलना पड़ता है। इसलिए फिल्म निर्माताओं को फिल्म की घोषणा से पहले ही 'सोशल ऑडिट' या कानूनी सलाह लेनी चाहिए ताकि बाद में होने वाले आर्थिक नुकसान व विवाद से बचा जा सके।

सिनेमा समाज का दर्पण है, लेकिन दर्पण को ऐसा नहीं होना चाहिए जो किसी वर्ग विशेष की छवि को विकृत ही कर दे। घूसखोर पंडित विवाद यह सीख देता है कि क्रिएटिव फ्रीडम का अर्थ 'जिम्मेदारी से मुक्ति' नहीं है।

# लोकहित में त्याग करने वाले ही बनते हैं संत



संकलित
दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

# लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले- देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं- देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शिक्षण संस्थानों में फूहड़ मनोरंजन

विद्यालय किसी भी राष्ट्र की आत्मा का निर्माण करते हैं। यही वे स्थान हैं जहां से समाज की दिशा तय होती है और आने वाली पीढ़ियों के विचार, मूल्य तथा व्यवहार गढ़े जाते हैं। एक सभ्य समाज की पहचान उसके विद्यालयों से होती है, क्योंकि यहीं बच्चों को केवल अक्षर ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नैतिकता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का बोध कराया जाता है। ऐसे में यदि विद्यालय परिसरों में अशोभनीय गीतों पर नृत्य, फूहड़ मनोरंजन और मर्यादाविहीन प्रस्तुतियां सामने आती हैं, तो यह केवल किसी एक संस्था की चूक नहीं, बल्कि पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है। हाल के वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसे दृश्य सामने आए हैं जहां विद्यालयों में फूहड़ मनोरंजन के किस्से सामने आए।

*- विवेक चौबे, रायपुर*

## करंट अफेयर

# वेनेजुएला की आम माफी योजना में रिहा होंगे कैदी

वेनेजुएला में राजनीतिक कारणों से हिरासत में लिए गए कम से कम 1,557 लोगों ने इस सप्ताह पारित हुए माफी विधेयक के तहत अपने आवेदन जमा कर दिए हैं और उनके रिहा होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को पारित किए गए इस कदम से विपक्षी सदस्यों, कार्यकर्ताओं, मानवाधिकार रक्षकों, पत्रकारों और महीनों या वर्षों से हिरासत में रखे गए कई अन्य लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस विधेयक पर हस्ताक्षर के साथ ही राष्ट्रपति ने एक तरह से यह स्वीकार किया कि सरकार ने सैकड़ों लोगों को राजनीतिक कारणों से जेल में रखा हुआ है।



## ऑफ बीट

# जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?

ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं।



## ट्रेंड

### नए युग का साक्षी



आज उत्तर प्रदेश समेत पूरा देश वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के नए युग का साक्षी बन रहा है। मेरठ मेट्रो, नमो भारत ट्रेन और रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के नए सेक्शन के शुभारंभ से एनसीआर के लोगों का जीवन और अधिक सरल, सुगम एवं सुविधाजनक बनेगा। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अवैध प्रवासियों को बाहर करेंगे



अगर देश नक्सलवाद से मुक्त हो सकता है, तो घुसपैठियों से भी मुक्त हो सकता है। अवैध प्रवासियों को न केवल मतदाता सूची से हटाया जाएगा, बल्कि अगले पांच वर्षों में देश से भी बाहर किया जाएगा। नक्सलवाद को भी 31 मार्च तक पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। इससे देश लाल आतंक से मुक्त होगा। -अमित शाह, गृहमंत्री

### जिम्मेदारी से बोलते हैं राहुल



राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। वे जिम्मेदारी से बोलते हैं, कैजुअली नहीं। वे तथ्यों के आधार पर बोलते हैं और जो भी कहते हैं, उसके सबूत देते हैं। सरकार नहीं चाहती थी कि सदन में चर्चा हो। महिला सांसदों पर आरोप लगाए गए। इसलिए अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। -जयराम रमेश, कांग्रेस सांसद

### ममता की नीति सफल नहीं होगी



शायद ममता बनर्जी को लग रहा है इस बार चुनाव में गैर-बंगाली लोग उनकी पार्टी टीएमसी को वोट नहीं देंगे। इसीलिए वह प्रवासी बांग्लादेशी मजदूरों पर हमले का मुद्दा भुनाना चाहती है। लेकिन ममता की यह नीति सफल नहीं होगी।

-अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस नेता

संक्षेप

## भाजपा नेता ने एडीएम को लिखा पत्र

**अमेठी नगर पंचायत में विकास कार्यों की जांच और पूरा करने की मांग**

अमेठी , भाजपा नेता और उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने अपर जिलाधिकारी (एडीएम) को पत्र लिखा है।इस पत्र में उन्होंने अमेठी नगर पंचायत में आवश्यक विकास कार्यों को पूर्ण करवाने और कई कार्यों की जांच कराने की मांग की है। भाजपा नेता ने अपने पत्र में बताया कि नगर पंचायत अमेठी में लंबे समय से जल निकासी की व्यवस्था सुचारु नहीं है, जिससे आगामी बरसात में व्यापारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।उन्होंने मांग की है कि बाजार के अंदर छूटे हुए सभी नालों को एक-दूसरे से जोड़ा जाए,ताकि भविष्य में जल निकासी की समस्या का समाधान हो सके। सोनी ने यह भी उल्लेख किया कि नगर पंचायत अमेठी में एक भी सार्वजनिक पार्क नहीं है। अमेठी कोतवाली के सामने एक बहुत पुराना पार्क है जो रिकॉर्ड में दर्ज है, लेकिन उसकी स्थिति जर्जर है। उन्होंने इस पार्क के सुंदरीकरण को कार्य योजना में शामिल करने का अनुरोध किया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने रायपुर फुलवारी वार्ड नंबर 1 और 2, कटरा राजा हिम्मतसिंह और गंगागंज वार्ड में नाली और पटिया के जगह-जगह टूटे होने की समस्या पर भी ध्यान आकर्षित किया।उन्होंने इन स्थानों पर जांच करवाकर निर्माण कार्य कराने की मांग की है। पत्र में अंबेडकर पार्क तिराहे का भी जिक्र किया गया है, जहां अंबेडकर की मूर्ति स्थापित है।यह स्थान आस्था का केंद्र है, लेकिन लंबे समय से इसके सुंदरीकरण का प्रस्ताव होने के बावजूद कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। सोनी ने इसे भी कार्य योजना में शामिल करने की अपील की है नगर पंचायत क्षेत्र में तीन स्थानों पर निर्मित पुराने सार्वजनिक शौचालय भी पूरी तरह जर्जर स्थिति में हैं। उन्होंने इन शौचालयों की मरम्मत को भी कार्य योजना में सम्मिलित करने का आग्रह किया है।महेश सोनी ने वर्ष 2020 से 1 जनवरी 2026 तक नगर पंचायत अमेठी क्षेत्र के अंतर्गत हुए सभी कार्यों के टेंडर को पूर्ण करवाने की मांग की है, ताकि जनहित में हो रही समस्याओं का समाधान हो सके।

## रोहतक में मिला अमेठी निवासी युवक का शव

**चंडीगढ़ में कार्यरत सूरज कश्यप का शव रेलवे स्टेशन के पास मिला**

अमेठी , भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के वारिसगंज निवासी 29 वर्षीय सूरज कश्यप का शव रविवार को हरियाणा के रोहतक रेलवे स्टेशन के पास मिला। सूरज चंडीगढ़ में काम करता था।स्थानीय पुलिस ने भाले सुल्तान पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद परिवार को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही परिवार में शोक छा गया। परिजन हरियाणा के लिए रवाना हो गए हैं।दरअसल, सूरज कश्यप काम के सिलसिले में चंडीगढ़ गया था। वह वहां गांव के सुरेश, अंकित और बब्बी के साथ रहता था।जानकारी के अनुसार, वह चंडीगढ़ के सेक्टर 36 स्थित एक दुकान में कार्यरत था। सूरज के भाई लवकुश ने बताया कि उसके साथी सुरेश, अंकित और बब्बी के अनुसार, सूरज करीब एक सप्ताह से लापता था ।

और कई दिनों से काम पर नहीं जा रहा था।

# बसपा विधायक प्रत्याशी ने खलवा नेवादा में लगवाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

अमन लेखनी समाचार

बहराइच।बुधवार को लार्ड कृष्णा मानव विकास शिक्षण संस्थान द्वारा सीतापुर आंख अस्पताल के सहयोग से खलवा नेवादा मे निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें डाक्टर शहनवाज हुसैन के अगुवाई में 11 डाक्टर की टीमों ने कैम्प स्थल पर लगभग एक हजार मरीजों के आंखो कि जांच करके 336 मरीजों मोतियाबिंद के आपरेशन हेतु चिन्हित किया। कैंप आयोजक महसी बसपा के पूर्व विधायक प्रत्याशी दिनेश कुमार शुक्ल ( अधिवक्ता ) ने बताया कि दस वर्षों से लगातार निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन करा रहे हैं जिससे क्षेत्र के गरीब असहाय दुखियों की आंख का फ्री इलाज हो सकें। लगभग अब तक लाखों लोगों की आंख का आपरेशन करवाया गया है। बुधवार के शिविर में लगभग एक हजार मरीजों की आंखों की जांचे की गई है जिसमें से 336 मरीजों मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है जिनको सीतापुर आंख अस्पताल ले जाकर कराया जाएगा और 27 फरवरी को वापस स्थल पर भेज दिया जाएगा।इस दौरान रामफल शुक्ल, विवेक कुमार शुक्ल, अमन तिवारी, रोहित तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।



# अनुदान पर कृषि यंत्र प्राप्त करने के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं कृषक

**25 फरवरी से आनलाइन बुकिंग के लिए उपलब्ध है पोर्टल**

अमन लेखनी समाचार




बहराइच।उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के सिंगल कृषि यंत्र, अन्य योजनाओं के अवशेष कृषि यंत्र एवं कृषि रक्षा उपकरण पर अनुदान प्राप्त करने के लिए इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन आनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।श्री वर्मा ने बताया कि 25 फरवरी के मध्यान्ह 12:00 बजे से 04 मार्च 2026 की रात्रि 12:00 बजे तक आनलाइन बुकिंग के लिए पोर्टल खुला रहेगा।

उप निदेशक ने बताया कि विभागीय पोर्टल पर कृषि यंत्रों की बुकिंग/आवेदन जनपदवार की जायेगी। इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल के किसान कार्नर पर जाकर कृषि यंत्रों की बुकिंग कर सकते हैं।श्री वर्मा ने बताया कि कृषि यंत्रों का विवरण, यंत्र बुकिंग एवं अनुदान प्रक्रिया से संबंधित जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। किसानों को सुझाव दिया गया है कि ई-लॉटरी से कन्फर्म होने पर विलम्बतम 06 से 10 मार्च तक कृषि यंत्र खरीद कर पोर्टल पर बिल अपलोड कर इस प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑटो लॉटरी या ई-लॉटरी के माध्यम से चयनित किसानों को कृषि विभाग से इंपैनल्ड कंपनियों या उनके डीलरों से ही कृषि यंत्रों की खरीद करनी होगी।

# दो दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

**मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी गई जनगणना की व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। भारत की जनगणना-2027 के प्रारम्भिक तैयारियो, जनगणना कार्यों को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट सभागार में 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। जनगणना निदेशालय लखनऊ के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद चार्ज अधिकारियों, जनगणना लिपिक/जनगणना सहायकों को व्यवहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण अधिकारी उप निदेशक जनगणना अश्वनी दीक्षित व जिला प्रभारी जनगणना बहराइच अमन श्रीवास्तव ने भारत की जनगणना-2027 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह शासन की नीतियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों की आधारशिला है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य को पूर्ण गंभीरता, निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ संपादित करें।प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा जनगणना की प्रक्रिया, प्रपत्रों के सही तरीके से संधारण, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा डेटा की गोपनीयता बनाए रखने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे जनगणना कार्य को टीम भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कर जनपद को उत्कृष्ट प्रदर्शन की श्रेणी में लाने में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर जनगणना लिपिक/जनगणना सहायकों सहित एसडीएम, तहसीलदार, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, एलडीएम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर, हर्षित सिंह बने मंडल अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच।निबिया गांव निवासी हर्षित सिंह को भाजपा नवाबगंज मंडल का अध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी कार्यकताओं में खुशी की लहर है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति पर एवं कमलेश मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध के हस्ताक्षर से जारी पत्र के माध्यम से उनके मंडल अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किये जाने की घोषणा की गई। मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह, चेयरमेन रूपईडीहा डॉ उमा शंकर वैश्य, दुर्गेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष रूपईडीहा महराजदीन वर्मा, अरुण सोनकर, पियूष सिंह, अभिजीत सिंह, देवेश सिंह, दिग्विजय सिंह राणा समेत कई पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की।इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष हर्षित सिंह नें कहा कि पार्टी नें जिस विश्वास के साथ उन पर भरोसा जताया है वह ईमानदारी के साथ पार्टी हित के लिए कार्य करेंगे।उन्होंने जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध का आभार व्यक्त किया।कार्यकताओं ने उम्मीद जताई कि हर्षित सिंह के नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी और क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियां और सक्रिय होंगी।



# फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' का विरोध

**यादव समाज ने राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को दिया**

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर , यादव समाज ने 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म के विरोध में प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर इकट्ठा होकर राष्ट्रपति को संबोधित एक मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। समाज ने प्रस्तावित फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' पर गंभीर आपत्ति जताई है। उनका मानना है कि फिल्म में ऐसे दृश्य या संवाद हो सकते हैं जो सामाजिक और सांस्कृतिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकते हैं, जिससे समाज में वैमनस्य या अशांति फैलने की आशंका है। यादव समाज का कहना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन यह भारतीय कानूनों और सामाजिक मयार्दाओं के दायरे में होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित प्राधिकरणों से फिल्म की सामग्री की निष्पक्ष और विस्तृत समीक्षा कराने की मांग की है। यदि कोई आपत्तिजनक अंश पाया जाता है, तो उसके प्रसारण या प्रदर्शन पर रोक लगाने की अपील की गई है।इस संबंध में सुरेश कुमार यादव ( भजन प्रधान ) ने मीडिया को बताया कि मनोरंजन के नाम पर जातिगत टिप्पणियाँ और फिल्मों के ऐसे नाम समाज में वैमनस्य बढ़ाते हैं। उन्होंने 'घूसखोर पंडित' और 'यादव जी की लव स्टोरी' जैसे शीर्षकों पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की। उन्होंने सेंसर बोर्ड की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए, आरोप लगाया कि ऐसी फिल्में बोर्ड की मिलीभगत के बिना पास नहीं हो सकतीं।यादव ने चेतावनी दी कि यदि फिल्म में समाज की भावनाओं को आहत करने वाला कोई भी अंश पाया जाता है, तो वे सुल्तानपुर में फिल्म का प्रदर्शन नहीं होने देंगे।उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनकी माँगें नहीं मानी गईं और आपत्तिजनक अंश नहीं हटाए गए, तो यादव समाज सड़क जाम, पुतला दहन और सिनेमाघरों के विरोध जैसे कदम उठाने को मजबूर होगा।




# डीजे की आवाज कम करने पर मारपीट

**भागवत कार्यक्रम में युवक घायल, पुलिस ने एक ओर से ही दर्ज किया केस**

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर, कुड़वार में एक भागवत कार्यक्रम के दौरान डीजे की तेज आवाज को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।इस घटना में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। घायल युवक को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस एक पक्ष से ही कार्रवाई की है। यह घटना कुड़वार के पूरे कस्तूरी मसेतवा गांव में रामकृष्ण शुक्ला के घर पर चल रहे भागवत कार्यक्रम के दौरान हुई। रात करीब 8:30 बजे, पड़ोसी रामकरन, सौरभ, सचिन, सीमा, शुभम, अंकित, सुमन, राधा, शांति, निशा और शीला सहित अन्य लोग लाठी-डंडों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए डीजे और कार्यक्रम को रोकने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। पुलिस ने डीजे बंद करवा दिया था। हालांकि, अगले दिन 22 फरवरी की सुबह करीब 10:30 बजे, वही लोग 15 अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ दोबारा रामकृष्ण शुक्ला के घर के बाहर आ धमके। उन्होंने फिर से गाली-गलौज की, कार्यक्रम को जबरन रोका और कार्यक्रम के सामान व प्याज गद्दी को क्षतिग्रस्त कर दिया।जब रामकृष्ण के मामा के लड़के विशाल मणि पांडे ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो हमलावरों ने उन्हें जमीन पर गिराकर बेरहमी से पीटा।



# पुलिस का विशेष अभियान, 17 वारंटी गिरफ्तार

**अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पकड़े गए, एक महिला भी शामिल**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , पुलिस ने न्यायालय से वारंट जारी होने के बावजूद फरार चल रहे 17 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को न्यायालय में पेश किया जाएगा पुलिस अधीक्षक सरवरन टी के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों द्वारा वारंटियों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया गया।ये वारंटी अलग-अलग मामलों में वांछित थे और अदालत में हाजिर नहीं हो रहे थे।इस अभियान के तहत संग्रामपुर थाना क्षेत्र से विजय राज ओझा, जगदंबा और शिवलाल सहित तीन वारंटियों को पकड़ा गया। मुसाफिरखाना थाने से दुखराम और मोहम्मद शफीक को गिरफ्तार किया गया। मुंशीगंज पुलिस ने रामनिरंजन और कृपा शंकर को, बाजार शूकुल पुलिस ने सरवर और मिथुन साहू को, जबकि गौरीगंज पुलिस ने राजकुमार और रमेश कुमार को गिरफ्तार किया। पीपरपुर पुलिस ने राहुल उर्फ आशीष कुमार और विनोद कुमार को पकड़ा। थाना जगदीशपुर ने अरुण कुमार और राजकुमार को, मोहनगंज पुलिस ने जाबिर को तथा जायस पुलिस ने सन्नो पत्नी मो रफी को गिरफ्तार किया। इन सभी वारंटियों को अब न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।




# चाइनीज मांझे से कटी डॉक्टर की उंगली

**स्कूटी से ड्यूटी करने जा रहे थे, रास्ते में मांझा आ गया**

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़, जिला मलखान सिंह अस्पताल में ड्यूटी पर जा रहे इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. फारुख अंसारी चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए।खुद को बचाने में डॉक्टर की छोटी उंगली लगभग कटकर खाल के सहारे लटक गई। प्राथमिक उपचार के बाद जब उनके हाथ में सुन्नपन बढ़ने लगा और हालत बिगड़ने लगी।इस पर उन्हें तुरंत जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया। मेडिकल कॉलेज से भी उन्हें दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल रेफर कर दिया जमालपुर निवासी डॉ. फारुख रविवार को अपनी स्कूटी से ड्यूटी के लिए निकले थे।रसलगंज में अग्रसैन चौक पर अचानक चाइनीज मांझा सामने आ गया।मांझे से गर्दन बचाने के लिए डॉक्टर ने अपना बायां हाथ आगे कर दिया। तेज धार वाले मांझे के कारण छोटी अंगुली कटकर लटक गई। मौके पर मौजूद राहगीरों ने लहूलुहान हालत में उन्हें अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद जब उनके हाथ में सुन्नपन बढ़ने लगा और हालत बिगड़ने लगी।इस पर उन्हें तुरंत जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया। मेडिकल कॉलेज से भी उन्हें दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल रेफर कर दिया।



### माइक्रो-सर्जरी करनी पड़ेगी

जिला अस्पताल के उटर डॉ. जगवीर सिंह वर्मा ने बताया कि मांझे ने अंगुली की नर्व, आर्टरी और टेंडन (नसों और मांसपेशियों के जोड़) को पूरी तरह काट दिया है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। अब केवल माइक्रो-सर्जरी ही उनकी अंगुली को बचा सकती है।

### चाइनीज मांझे से हो चुके हैं हादसे

अलीगढ़ में चाइनीज मांझे का यह पहला मामला नहीं है।कुछ दिन पहले स्कूटी से जा रही बालिका रामघाट रोड पर गंभीर रूप से घायल हो गई थी।इससे पहले एक व्यक्ति की जान भी जा चुकी है। वहीं, पुलिस प्रशासनिक स्तर पर प्रतिबंधित मांझे की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई की गई है।

# आउटसोर्स कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय घेरा

**शाहजहांपुर में छह माह से भुगतान नहीं देने का आरोप, भाजपाइयों ने दी चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर , भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रामनिवास बाल्मीकि के नेतृत्व में दर्जनों आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उन्हें पिछले छह महीने से भुगतान नहीं मिला है।उन्होंने 25 फरवरी तक सभी बकाया भुगतान करने की मांग की। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने नगर निगम प्रशासन को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि नए टेंडर के तहत लगाए गए अधिकांश आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को छह माह से मानदेय नहीं दिया गया है। इसके अतिरिक्त, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत ठेका सफाई कर्मचारियों को प्रतिमाह 400 रुपये कम भुगतान किया जा रहा है, जिसमें सुधार की मांग की गई है।कर्मचारियों ने यह भी शिकायत की कि आउटसोर्सिंग पर लगे सफाई कर्मचारियों का ईपीएफ और ईएसआई काटा नहीं जा रहा है। उन्होंने मांग की कि टेंडर होने के बाद से अब तक का पूरा ईपीएफ और ईएसआई तुरंत जमा कराया जाए। ज्ञापन में संविदा कर्मचारियों की वरिष्ठता का मुद्दा भी उठाया गया। बताया गया कि पिछले 20 वर्षों से अनुबंध पर सफाई कार्य कर रहे संविदा कर्मचारियों को वरिष्ठता के आधार पर सफाई नायक नहीं बनाया जा रहा है, जबकि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को यह जिम्मेदारी दी जा रही है।इसे तुरंत रोकने और संविदा कर्मचारियों को सफाई नायक बनाने की मांग की गई। रामनिवास बाल्मीकि ने बताया कि जब संविदा सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति हुई थी, तब शाहजहांपुर नगर पालिका था। अधिकारियों की मनमानी के कारण तब से संविदा कर्मचारियों का ईपीएफ नहीं काटा गया। उन्होंने संविदा कर्मचारियों के ईपीएफ की कटौती करने और उन्हें सातवें वेतन आयोग का लाभ देने की भी मांग की।इसके साथ ही, ज्ञापन में स्थायी सफाई कर्मचारियों के एसीपी के बकाया भुगतान को जल्द से जल्द कराने की भी मांग की गई है। उन्होंने कहा कि अभी हाल में ही इलेक्ट्रिक गाडियों पर जो ड्राइवर लगाये गये उनका कौन सा टेन्डर किया गया, किस अनुबन्ध के तहत उनको कार्य पर लगाया गया।उसकी पूरी जानकारी, दी जायें।प्रत्येक वार्ड में स्थाई संविदा एवं आउट सोर्सिंग के माध्यम से लगे सफाई कर्मचारियों की पूरी सूची उपलब्ध करायी जाये।




# 10 साल से बंधक बनाकर मजदूरी

**धर्म परिवर्तन कर नाम बदला, भागने पर पिटाई का आरोप**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़, युवक के धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है।मध्य प्रदेश के संतोष शुक्ला को मजदूरी और शादी झांसा देकर 10 साल पहले प्रतापगढ़ लाया गया। उसका मुस्लिम दबंगो ने उसका मतांतरण करवा कर शेर खान नाम दे दिया और उसे 10 साल तक बंधक बनाए रखा। यह सनसनीखेज प्रकरण रविवार को प्रकाश में आया।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर 4 नामजद और 6 अज्ञात पर केस दर्ज कर एक दबंग को आरोपी बदरुल जमा गिरफ्तार किया है।मध्यप्रदेश राज्य के सागर जनपद के पथरिया हाट गांव निवासी 40 वर्षीय संतोष शुक्ला पुत्र भगवान दास बारह वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ में ढाबे पर काम करता था, वहां 10 साल पहले प्रतापगढ़ के बदरुल जमां, कल्लू, नईम तथा निजाम जैनुद्दीन से उसकी मुलाकात हुई, उसकी आर्थिक दशा खराब देख उन लोगों ने मजदूरी का काम और शादी करवा देने और घर बनवाकर जिंदगी संवार देने का झांसा दिया था।जिसके बाद पीड़ित संतोष को जेठवारा थाना के कुटिलिया साड़देई गांव ले आए,यहां लाने पर इसके पहले संतोष का प्रकरण कोई नहीं जानता था, क्योंकि उसका नाम तो लोगों को शेर खान बताया जाता था, अचानक संतोष पुलिस चौकी डेरवा पहुंचा और मदद की गुहार लगाई, जब उसने पुलिस को बताया कि वह हिंदू है तो पुलिस चौकन्नी हो गई, उसने पुलिस को बताया कि गांव लाने वाले लोग उसे बंधक बनाकर घर पर मजदूरी कराते रहे, लाने के कुछ दिन बाद ही उसका धर्म परिवर्तन कर संतोष शुक्ला की जगह शेर खान पुत्र उमर खान निवासी कुटिलिया साड़देई के नाम से आधार कार्ड भी बनवा दिया।



# मंदिर का दानपात्र चोरी

**सीसीटीवी फुटेज में युवक पेटी उठाकर ले जाता दिखा, पुलिस पहचान कराने में जुटी**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित पूरे केशवराव गांव के सिद्धेश्वर नाथ धाम मंदिर से दिनदहाड़े दानपात्र चोरी हो गया। यह पूरी घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, दोपहर को एक अज्ञात व्यक्ति मंदिर परिसर में पहुंचा। मौका पाकर उसने वहां रखा दानपात्र उठा लिया और फरार हो गया। घटना के समय मंदिर में श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ नहीं थी।मंदिर प्रबंधन को जब दानपात्र गायब होने की जानकारी मिली, तो उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाले।फुटेज में एक संदिग्ध युवक दानपात्र ले जाते हुए स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है स्थानीय ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना पुलिस चौकी को दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रही है।मंदिर में हुई इस चोरी की घटना से क्षेत्रीय लोगों में चिंता है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने की मांग की है।



## संक्षेप

### इंटरनेशनल शूटर पर हमला, डीएम से न्याय की गुहार लगाई

**बागपत में जमीन विवाद में हुई मारपीट और फायरिंग**

बागपत , भूमि विवाद को लेकर इंटरनेशनल शूटर प्रवीण तोमर पर हमला किया गया। उन पर मारपीट और फायरिंग का आरोप है। पीड़ित ने सोमवार को जिलाधिकारी (डीएम) से न्याय की गुहार लगाई और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दिव्यांग शूटर प्रवीण तोमर ने आरोप लगाया कि रविवार को जब वह अपने खेत में गन्ने की छिलाई कर रहे थे, तभी विपक्षी लोगों ने उन पर हमला कर दिया और फायरिंग की। वह किसी तरह बच गए, जबकि हमलावर तमंचे लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। प्रवीण तोमर के अनुसार, उन्होंने गांव में एक भूखंड खरीदा था और उसका विधिवत कब्जा भी प्राप्त कर लिया था। आरोप है कि पड़ोसी उसी जमीन को लेकर लगातार विवाद कर रहे हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में पहले भी पुलिस को तहरीर दी गई थी। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। घटना के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होने से ग्रामीण आक्रोशित हैं। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मामले की जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### कार-ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर, 6 घायल

**स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकाला, जांच में जुटी पुलिस**

बागपत , गौरीपुर यमुना पुल पर देर रात एक ईको कार और पराली से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में कार में सवार छह लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को कार से बाहर निकाला और उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने कार चालक जगदीश और यात्री मनीष की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घायल मनीष ने बताया कि ईको कार की रफ्तार काफी तेज थी। उन्होंने और कार में सवार अन्य यात्रियों ने कई बार चालक को गति धीमी करने के लिए कहा था, लेकिन चालक ने उनकी बात नहीं सुनी। कुछ दूर आगे चलने पर यह हादसा हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है। क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया गया। पुलिस मामले की आगे की छानबीन कर रही है।

### ईंट भट्ठा मजदूरों का शोषण, यूनियन ने किया प्रदर्शन

**न्यूनतम 700 रुपये प्रति हजार ईंट मजदूरी की मांग**

बागपत , असंगठित मजदूर मोर्चा ट्रेड यूनियन ने ईंट भट्ठा मजदूरों के शोषण और न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष सुखपाल सिंह के नेतृत्व में यह ज्ञापन दिया गया, जिसमें बताया गया कि जनपद के विभिन्न ईंट भट्ठों पर कार्यरत मजदूरों का लगातार शोषण हो रहा है। ज्ञापन में यूनियन ने आरोप लगाया

# चोरी के माल समेत हिस्ट्रीसीटर दो अभियुक्त गिरफ्तार

## जहानाबाद थाना प्रशासन ने घटना का किया सफल अनावरण

अमन लेखनी समाचार




जहानाबाद। जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत पपरेंदा गांव में हुई चोरी के पश्चात पीड़ित अरुण कुमार पाण्डेय पुत्र कृष्ण कुमार पाण्डेय ने विगत 22 फरवरी को नजदीकी थाना जहानाबाद में मुकदमा पंजीकृत कराया था अज्ञात अभियुक्त की खोजबीन में प्रशासन जुट गया तहकीकात करते हुए थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ अज्ञात अभियुक्त की खोजबीन करते हुए दो अभियुक्तों को धर दबोचा थाना क्षेत्र के कपिल मोड़ अंबिका देवी मंदिर के समीप से कल सुबह लगभग 9:30 बजे अभियुक्त 29 वर्षीय दीपक अवस्थी पुत्र देवेंद्र उर्फ देवनारायण अवस्थी निवासी गांव पपरेंदा थाना जहानाबाद तथा 32 वर्षीय लल्लू सोनकर पुत्र रामचरण उर्फ चरना निवासी ग्राम कुंवरपुर ओखरा थाना मलवां जनपद फतेहपुर को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की गई जहां अभियुक्तों ने जुर्म कबूल करते हुए चोरी किया गया माल बरामद कराया प्रशासन ने अभियुक्तों के पास से 7 पीतल की थाली 19 पीतल के लोटा 1 बटुली पीतल की 9 छोटी बड़ी पीतल की कटोरी 4 छोटे बड़े पीतल के खोरवा तथा 1 गिलास पीतल का बरामद किया मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त दीपक अवस्थी के खिलाफ पास्को एक्ट समेत थाना जहानाबाद में दो मुकदमे पूर्व काल से पंजीकृत है वही अभियुक्त लल्लू सोनकर के खिलाफ जनपद के बिंदकी असोथर सैनी चांदपुर कल्याणपुर मलवां समेत कानपुर के सजेती तथा नौबस्ता आदि में पूर्व काल से 16 मुकदमे पंजीकृत बताए गए अभियुक्त लल्लू सोनकर एक हिस्ट्री सीटर अभियुक्त है इस सफल अनावरण में थाना प्रभारी जहानाबाद मनीष कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक विनोद कुमार आरक्षी सुनील राव साहब आशीष तोमर आदि ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया थाना प्रभारी ने तत्काल दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

# भाजपा ने मण्डल अध्यक्ष नियुक्ति पर खेला सवर्ण कार्ड

## जनपद में 50 फीसदी सवर्ण मंडल अध्यक्ष हुए नियुक्त

### अमौली मंडल अध्यक्ष चुने गए देवेंद्र अवस्थी

अमन लेखनी समाचार

शोभित शुक्ला



फतेहपुर। प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष पंकज चौधरी द्वारा दी गई सहमति के आधार पर पार्टी ने एक बार फिर से जनपद में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए सवर्ण कार्ड खेला आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रतिनिधित्व कर रहे पदाधिकारी प्रकाश पाल ने जनपद के अनेक क्षेत्रों में लगभग 50 फीसदी सवर्ण पदाधिकारियों को मंडल अध्यक्ष के पद पर विराजमान किया कानपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने जनपद के जहानाबाद विधानसभा के अमौली मंडल में देवेंद्र अवस्थी बिंदकी विधानसभा के जोनिहा मंडल अध्यक्ष कोमल सिंह सदर विधानसभा के नगर दक्षिण मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद गुप्ता भिठौरा मंडल अध्यक्ष सुधांशु पाण्डेय हुसैनगंज विधानसभा के हुसैनगंज मंडल अध्यक्ष श्रीकांत अवस्थी तथा अलीपुर मंडल अध्यक्ष राणाप्रताप सिंह को चयनित किया वहीं तेलियानी मंडल अध्यक्ष अरुण लोधी हसवा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मौर्या तथा छिवलहा मंडल अध्यक्ष राजू सिंह लोधी को निर्वाचित किया गया ठीक इसी प्रकार जिला प्रतिनिधियों में जहानाबाद विधानसभा के संतोष गुप्ता बिंदकी विधानसभा के राजबहादुर पासवान सुनील गुप्ता सदर विधानसभा के जयप्रकाश सिंह बृजेंद्र द्विवेदी शिवपूजन तिवारी हुसैनगंज विधानसभा के नीरज निषाद रामचंद्र बाजपेई तथा शिवचरण विश्वकर्मा को पद भार दिया गया यह सूचना मिलते ही जनपद के सभी क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई वहीं अमौली तेलियानी जोनिहा भिटौरा आदि क्षेत्रों में कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए हर्षोल्लास मनाया

# जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक ने दिए दिशा निर्देश



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम में पहुंचे फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लिखित रूप में प्रस्तुत करते हुए अधिकारी से दुख दर्द बयां किया वहीं जनसुनवाई अंतर्गत पहुंची सभी शिकायतों को लेकर पुलिस अधीक्षक ने प्रस्तुत की गई शिकायतों के आधार पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों को विशेष ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण निष्पक्ष एवं समय रहते निस्तारण करना अनिवार्य है पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निष्पक्ष समाधान किया जाए जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना की जाए समय रहते लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए पीड़ित को शीघ्र न्याय दिया जाए जनसुनवाई कार्यक्रम अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पीड़ितों के साथ सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे

# सीसीएसयू में राजनीति विज्ञान विभाग का राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

## समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर मंथन, युवा शोधार्थियों को मिला विचार रखने का अवसर

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , चौधरी चरण सिंह विश्विद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ विश्वविद्यालय के चाणक्य सभागार में हुआ। कार्यक्रम में देशभर से आए शिक्षाविदों, प्रोफेसरों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर गंभीर चर्चा और अकादमिक संवाद को बढ़ावा देना रहा। कुलपति ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान लोकतंत्र, संविधान और वैश्विक राजनीति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। युवा शोधार्थियों को भी अपने विचार रखने का अवसर दिया गया, जिससे सम्मेलन में नई सोच और दृष्टिकोण देखने को मिला। विशेषज्ञों द्वारा विशेष व्याख्यान भी आयोजित किए गए, जिनमें वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। सम्मेलन के दूसरे दिन तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा होगी। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।आयोजन के सफल संचालन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गईं और सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी सतर्कता बरती गई। आयोजकों ने उम्मीद जताई कि इस सम्मेलन से अकादमिक संवाद को नई दिशा मिलेगी और छात्रों में राजनीतिक जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

# यूपी बोर्ड की पहली पाली में अंग्रेजी की परीक्षा

### दूसरी पाली में इंटर का बायोलॉजी और मैथमेटिक्स पेपर होगा आयोजित

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा जिले के 98 परीक्षा केंद्रों पर चल रही है। इस वर्ष कुल 77,270 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। परीक्षा को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। सभी केंद्रों पर निगरानी बढ़ाई गई है,



ताकि नकलविहीन और शांतिपूर्ण परीक्षा सुनिश्चित की जा सके। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक हुई, जिसमें हाईस्कूल (10वीं) की अंग्रेजी की परीक्षा आयोजित की जाएगी । हर परीक्षा में प्रवेश से पहले तलाशी ली जा रही है और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है । दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। इस पाली में इंटरमीडिएट (12वीं) के छात्र बायोलॉजी और मैथमेटिक्स की परीक्षा देंगे। केंद्रों पर पुलिस बल भी तैनात किए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# नाले में डूबकर व्यापारी की मौत:स्कूटी अनियंत्रित होकर गिरी, घर से कूड़ा फेंकने गए थे

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , सिहानीगेट थाना क्षेत्र में 4 फीट गहरे नाले में गिरने से एक किराना व्यापारी की मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। व्यापारी को अस्पताल भिजवाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि व्यापारी की स्कूटी को किसी वाहन ने टक्कर नहीं मारी, बल्कि स्कूटी अनियंत्रित होकर गिरने से हादसा हुआ। घटना रविवार आधी रात की है। रात 11 बजकर 54 मिनट पर पीआरवी को सूचना मिली कि सिहानीगेट थाना क्षेत्र के पटेलनगर स्थित रॉयल ग्रीन होटल के सामने एक व्यक्ति स्कूटी समेत नाले में गिर गया है। राहगीरों ने उसे एमएमजी अस्पताल भिजवाया। सूचना पर सिहानीगेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अस्पताल जाकर जानकारी जुटाई। स्कूटी पर बाल्टी रखकर ले जाते समय हादसास्कूटी नंबर के आधार पर मृतक की पहचान शंकर लाल गर्ग (48), पुत्र जितेंद्र कुमार, निवासी पक्की मोरी, डासना गेट, थाना कोतवाली के रूप में हुई। मृतक के बड़े भाई योगेश गर्ग ने बताया कि शंकरलाल की किराना की दुकान है। वह रात में दुकान बंद कर कूड़ा फेंकने जाते थे और इसके बाद केशरी माता मंदिर में पूजा कर घर लौटते थे। पुलिस और नगर निगम की टीम ने आसपास के स्थानों पर जांच की और सीसीटीवी फुटेज खंगाली। स्कूटी की जांच में किसी वाहन से टक्कर के स्पष्ट निशान नहीं मिले। पास के होटल के सीसीटीवी में भी किसी वाहन द्वारा टक्कर मारे जाने की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस का मानना है कि प्रथम दृष्टया स्कूटी पर रखी प्लास्टिक की बाल्टी के कारण संतुलन बिगड़ा और वह नाले में गिर गए। भाई बोला-नाला बंद होता तो बच जाती जान योगेश गर्ग ने कहा कि यदि नाला ढका होता तो उनके भाई की जान बच सकती थी। यह भी सामने आया कि स्कूटी पहले पेड़ से टकराई और फिर नाले में जा गिरी। नाला पक्का है और इसकी गहराई करीब 4 फीट बताई जा रही है। परिजनों का आरोप है कि नाले की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। व्यापारी की मौत के बाद उनकी पत्नी रश्मि का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की कोई संतान नहीं है।

# मेरठ मेट्रो का गेट खुलते ही लगी शहरवासियों की कतार

## मेट्रो में बैठने वाले लोगों ने कहा- याद रहेगा ये सफर, यूथ ने बनाई खूब रील

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , शहरवासियों का इंतजार आखिरकार खत्म हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ मेट्रो का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया। उद्घाटन के साथ ही शहर में खुशी की लहर दौड़ गई। पहले ही दिन मेट्रो में सफर करने के लिए लोग परिवार समेत स्टेशनों पर पहुंचे। टिकट काउंटरों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई लोगों को भारी भीड़ के कारण टिकट तक नहीं मिल पाई। परिवार के साथ यादगार सफर पहले दिन सफर करने वालों में खास उत्साह दिखा। लोगों का कहना था कि यह दिन उनके लिए यादगार बन गया है, क्योंकि उन्होंने उद्घाटन के दिन ही मेट्रो का अनुभव लिया। कई लोग एक बार सफर करने के बाद दोबारा लाइन में लगकर फिर मेट्रो में बैठे। बच्चे भी खास उत्साहित नजर आए।परिवार के साथ सफर कर रहे यश ने बताया कि उन्होंने अपने परिवार के साथ मेट्रो यात्रा का भरपूर आनंद लिया। उनका कहना था कि सफर आरामदायक और सुविधाजनक रहा।शादी में जाना टाला, पहले किया मेट्रो सफर कुछ यात्रियों ने बताया कि उन्हें गाजियाबाद में शादी में जाना था, लेकिन मेट्रो में सफर करने के लिए उन्होंने अपनी यात्रा 21 की बजाय 22 फरवरी को तय की। लोगों का कहना है कि मेरठ को अब नई विकास गति मिलेगी और शहर की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। रील और सेल्फी का क्रेज पहले दिन युवाओं में खासा उत्साह दिखा। स्टेशन परिसर से लेकर मेट्रो कोच के अंदर तक युवा रील बनाते नजर आए। कई लोग सेल्फी और ग्रुप फोटो लेते दिखे तो कुछ यात्रियों ने पूरे सफर का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया।खर्च और समय दोनों की बचत मेट्रो में सफर कर रहे संजय ने बताया कि वे पिछले एक साल से भोपाल से दिल्ली होते हुए मेरठ आते हैं। पहले उन्हें दिल्ली उतरकर अशोक नगर से मेरठ साउथ तक अलग से यात्रा करनी पड़ती थी, जिससे खर्च ज्यादा होता था। अब वे सीधे बेगमपुल से आ-जा रहे हैं और लगभग 200 रुपये में दिल्ली पहुंच रहे हैं। इससे समय और पैसा दोनों की बचत हो रही है।नई अशोक नगर से बेगमपुल पहुंची तनीषा ने बताया कि वह लंबे समय से इस रूट के शुरू होने का इंतजार कर रही थीं। उनका कहना है कि अब सफर सुरक्षित और समय बचाने वाला हो गया है।किराया थोड़ा ज्यादा, लेकिन सुविधाएं बेहतर यात्रियों का कहना है कि किराया थोड़ा अधिक जरूर है, लेकिन सुविधाएं और आराम उसके अनुरूप हैं। पहले दिन का अनुभव उत्साह, भीड़ और नई उम्मीदों से भरा रहा। शहरवासियों का मानना है कि मेरठ मेट्रो से न सिर्फ सफर आसान होगा।

# ग्रेटर नोएडा में युवक को पाइप से पीटा

**मारपीट का वीडियो आया सामने, आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के सुत्याना गांव में एक युवक की बीच बाजार में पाइप से पिटाई का वीडियो सामने आया है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुत्याना गांव निवासी अंशुल सिंह के रूप में हुई है। यह घटना ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र के सुत्याना गांव की है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवक सड़क पर दूसरे युवक को पाइप से पीट रहा है। इस दौरान आसपास खड़े लोग घटना को देखते रहे। पुलिस के अनुसार, सुत्याना गांव निवासी धीरज ने अंशुल की दुकान के सामने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर दी थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो बाद में गाली-गलौज में बदल गई। इसके बाद अंशुल ने प्लास्टिक की पाइप से धीरज पर हमला कर दिया। वीडियो में अंशुल धीरज पर लगातार पाइप से वार करता दिख रहा है। वहां मौजूद कुछ लोगों ने अंशुल को रोकने का प्रयास किया

# ग्रेटर नोएडा में पहला श्रमिक सुविधा केंद्र शुरू

**दादरी विधायक तेजपाल नागर ने किया उद्घाटन, उद्योगों-श्रमिकों को मिलेगा लाभ**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ईकोटेक-3 में पहले श्रमिक सुविधा केंद्र का सोमवार को दादरी विधायक तेजपाल नागर ने शुभारंभ किया। यह केंद्र ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा निर्मित किया गया है। उद्घाटन के दौरान प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव और इंडस्ट्रियल बिजनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित उपाध्याय भी मौजूद रहे। विधायक ने केंद्र के संचालन की जिम्मेदारी उद्यमी संगठन को सौंपी। यह सुविधा केंद्र कुशल कारीगरों और उद्यमियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से बनाया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर परियोजना विभाग के वर्क सर्किल-3 ने सेक्टर ईकोटेक-3 स्थित उद्योग केंद्र टू में पानी की टंकी के पास इसका निर्माण कराया है। लगभग 10 लाख रुपये की लागत से इसका निर्माण चार माह में पूरा हुआ। केंद्र में महिला और पुरुष दोनों कुशल कारीगरों के लिए बैठने के कमरे, शौचालय और किचन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। रोजगार की तलाश में आए कारीगर यहां बैठ सकेंगे। सुविधा केंद्र में दो रजिस्टर रखे जाएंगे: एक में श्रमिकों के नाम और संपर्क नंबर दर्ज होंगे, जबकि दूसरे में उद्यमियों की श्रमिकों की आवश्यकता (कार्य का प्रकार और संख्या) की जानकारी होगी। इससे उद्यमी अपनी जरूरत के अनुसार कारीगरों को बुला सकेंगे। श्रमिक सुविधा केंद्र का संचालन और श्रमिकों तक जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी इंडस्ट्रियल बिजनेस एसोसिएशन को सौंपी गई है।

# नोएडा में लिफ्ट में आधे घंटे फंसे रहे चार लोग

**बच्चे-बुजुर्ग, महिला को हुई घुटन, परिजनों ने बिल्डर पर किया हंगामा**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसायटी के एल-9 टावर में शाम एक लिफ्ट में नौ वर्षीय बच्चे सहित चार लोग लगभग आधे घंटे तक फंसे रहे। लिफ्ट का पंखा बंद होने के कारण अंदर घुटन की स्थिति बन गई, जिससे बच्चे और बुजुर्ग महिला को काफी परेशानी हुई। इस घटना के बाद परिजनों और अन्य निवासियों ने टावर के नीचे बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ जमकर हंगामा किया। सोसायटी निवासी अचिन राठौर ने बताया कि शाम उनकी बुजुर्ग मां, नौ साल का बेटा, पत्नी और बहन ग्राउंड फ्लोर से बेसमेंट की ओर लिफ्ट से जा रहे थे। लिफ्ट जैसे ही नीचे की तरफ बढ़ी, अचानक झटका लगा और वह बीच में अटक गई। काफी प्रयास के बावजूद लिफ्ट का दरवाजा नहीं खुला। अंदर फंसे लोगों ने पहले अलार्म और कॉल बटन दबाया, लेकिन तत्काल कोई मदद नहीं मिली। परिजनों का आरोप है कि लिफ्ट का पंखा भी काम नहीं कर रहा था। बंद डिब्बे जैसी स्थिति में हवा का प्रवाह न होने से अंदर लोगों को घुटन महसूस होने लगी। नौ वर्षीय बच्चा घबराने लगा और उसे सांस लेने में दिक्कत हुई। इस दौरान बुजुर्ग महिला की भी हालत बिगड़ने लगी। अंदर से लगातार दरवाजा पीटकर और चिल्लाकर मदद मांगी गई

पास से गुजर रहे एक सोसायटी निवासी को आवाज सुनाई दी।

# शंकराचार्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में हरदोई में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, पीएम को भेजा ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई। प्रयागराज में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी आदि के खिलाफ यौन शोषण के गंभीर आरोपों में एफआईआर दर्ज होने के मामले में हरदोई स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष विक्रम पांडेय के नेतृत्व में प्रदर्शन किया।इस दौरान एक ज्ञापन पीएम को संबोधित मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है जिसमे ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग उठाई गयी है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष विक्रम पांडेय ने कहाकि हमारी धार्मिक आस्था जिस सनातन धर्म से जुड़ी है उसके सर्वोच्च धर्मगुरु पर एफआईआर दर्ज की गई है यह एफआईआर गलत है।ज्ञापन में उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध के चलते धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ ना किया जाए और जिस व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया है 27 मुकदमे उसके ऊपर चल रहे हैं। कहा कि शंकराचार्य और उनके शिष्यों के विरुद्ध दर्ज एफआईआर प्रथम दृष्टया एकतरफा और दुर्भावनापूर्ण प्रतीत होता है।इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शंकराचार्य का पद सनातन परंपरा में सर्वोच्च आध्यात्मिक पदों में से एक है और इस प्रकार की कार्रवाई धार्मिक स्वतंत्रता व लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।दरअसल प्रयागराज में ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के अलावा 2-3 अज्ञात लोगों पर बाल यौन शोषण के आरोपों में एफआईआर दर्ज की गयी है

# सांसद की उपेक्षा का शिकार : रेलवे स्टेशन आंझी शाहाबाद?

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद(हरदोई): 2014 के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के पश्चात देश के कई प्रमुख रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण हुआ है। जैसे भारतीय रेल द्वारा विभिन्न स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में कार्य किए गए। साथ ही रेल मंत्रालय के अंतर्गत स्टेशनों के पुनर्विकास की कई योजनाएं भी संचालित हुईं। किंतु वास्तविकता यह भी है कि जनपद के अंतर्गत आंझी शाहाबाद की स्थिति वही पुराने ढर्रे पर है, बल्कि उससे भी ज्यादा खराब स्थिति नजर आ रही है। आंझी शाहाबाद मध्यम श्रेणी के नगरीय क्षेत्र का रेलवे स्टेशन आज भी उपेक्षा का शिकार हैं। जिस स्टेशन पर पहले कई लोकल एवं पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव हुआ करता था, वहां वर्तमान में गिनी-चुनी ट्रेनों का ही संचालन रह गया है। परिणामस्वरूप क्षेत्रीय यात्रियों को जनपद मुख्यालय, बड़े शहरों एवं महानगरों तक आने-जाने के लिए केवल प्रातः एवं सायंकाल की सीमित ट्रेन सेवाओं पर निर्भर रहना पड़ रहा है। पूर्व वर्षों में संचालित होने वाली अनेक लोकल गाड़ियां, जो छोटे स्टेशनों के बीच आवागमन का सशक्त माध्यम थीं, जोकि बीते कई वर्षों से बंद कर दी गई हैं। इससे आमजन को सड़क मार्ग का सहारा लेना पड़ता है, जिसमें समय के साथ-साथ अतिरिक्त आर्थिक व्यय भी वहन करना पड़ता है। वर्तमान की स्थिति पर नजर डालें तो उक्त स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव है जिसमें मुख्यरूप से स्वच्छ प्रतीक्षालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था आदि—भी गंभीर समस्या है। विशेष रूप से रात्रिकालीन समय में यदि कोई यात्री दूरस्थ क्षेत्र से लौटता है, तो यात्रियों के लिए प्रतीक्षालयों में विश्राम की अनुमति न मिलना अत्यंत पीड़ादायक स्थिति उत्पन्न करता है। बीते लगभग 12 वर्षों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं सांसद से कई बार ट्रेनों के पुनः संचालन एवं ठहराव बहाली हेतु निवेदन किए गए, परंतु अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए। जनप्रतिनिधि द्वारा आश्वासन तो दिया गया, किंतु बंद ट्रेनों को पुनः प्रारंभ कराने अथवा नए ठहराव सुनिश्चित कराने में उल्लेखनीय सफलता नहीं मिल सकी। इतना ही नहीं क्षेत्रीय सांसद जय प्रकाश रावत को शायद याद भी नहीं होगा कि 2024 लोकसभा चुनाव के पूर्व उन्होंने आंझी शाहाबाद स्टेशन पर कई गाडियां रुकवाने के लिए रेल मंत्री से बात कर आंझी शाहाबाद में कई ट्रेनों के ठहराव कराने का आश्वासन भी जनता को दिया था, किंतु समय वो था जब उन्हें जरूरत थी तब आश्वासन दे गए थे। जोकि अब तक अधूरा है, शायद 2029 में लोक सभा चुनाव के पूर्व उन्हें पुनः याद आ जाए। फिलहाल जनमानस उनके दिए गए आश्वासन का इंतजार कर रही है कि बंद की गई लोकल/पैसेंजर ट्रेनों की समीक्षा कर पुनः संचालन पर विचार किया जाएगा। उक्त स्टेशन पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाए सुनिश्चित की जाएगी। रात्रिकालीन यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय को सुलभ बनाया जाएगा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सांसद रेल मंत्रालय के साथ समन्वय कर व्यावहारिक समाधान शीघ्र करेंगे ऐसी प्रत्याशा में आमजन मानस प्रतीक्षारत है। आज के समय में रेल व्यवस्था केवल बड़े शहरों तक सीमित न होकर ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों की जीवनरेखा भी है।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

**ससुरालीजनो पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज**

**अमन लेखनी समाचार**

ककरवई, झांसी। ककरवई थाना क्षेत्र के ग्राम धमनौड़ में बुधवार को एक 28 वर्षीय विवाहिता का शव घर के अंदर पंखे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान कल्पना रैकवार (28) पत्नी पुष्पेंद्र के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे कल्पना का शव घर के कमरे में पंखे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना ग्राम प्रधान सरजू पाठक द्वारा थाना ककरवई पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की सूचना पर फॉरेंसिक टीम और नायब तहसीलदार गरौठा राधा पालीवाल ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए मऊरानीपुर भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतका का पति पुष्पेंद्र दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। एक सप्ताह पहले ही वह घर आया था। कल्पना की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व कोर्ट मैरिज से हुई थी। उसका मायका मध्यप्रदेश के ग्राम रावली, थाना सेंदरी, तरीचर कला में है। दंपति की कोई संतान नहीं थी।



घटना को लेकर मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता घासीराम की तहरीर पर थाना ककरवई पुलिस ने पुष्पेंद्र (पति) पुत्र गुलाब, रामबिहारी (जेठ), रानी (सास), मोहिनी (जेठानी) के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, गांव में सनसनी

अमन लेखनी समाचार

कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के दुलारपुर गांव में बुधवार को 23 वर्षीय युवक का शव खेत में पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दुलारपुर निवासी विशाल कुमार मंगलवार शाम करीब चार बजे घर से निकला था। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बुधवार दोपहर जब ग्रामीण खेतों की ओर गए तो राकेश नामक व्यक्ति के खेत में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ से विशाल का शव गमछे के फंदे से लटका मिला। शव देखते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर कासिमपुर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

# आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद झाँसी को प्रदेश में प्रथम स्थान

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आईजीआरएस प्रभारी बलिराज शाही को किया सम्मानित**

**अमन लेखनी समाचार**

झांसी। शासन की मंशा के अनुरूप प्रदेश में पारदर्शी, जवाबदेह एवं प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संचालित आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का जनपद झाँसी पुलिस द्वारा निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत तथ्यपरक, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया गया। जनपद स्तर पर प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा, प्रभावी मॉनिटरिंग एवं उत्तरदायित्व निर्धारण की सुदृढ़ व्यवस्था के परिणामस्वरूप मा० मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जनवरी 2026 में जारी आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद झाँसी को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि जनपद के सभी 26 थानों ने भी उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया, जो पुलिस की समन्वित एवं परिणामोन्मुख कार्यप्रणाली को दशार्ता है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा आईजीआरएस प्रभारी बलिराज शाही को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समस्त थाना प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशंसा प्रदान की गई। जनपद झाँसी पुलिस शासन की अपेक्षाओं के अनुरूप जनसुनवाई एवं शिकायत निस्तारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाए रखने हेतु सतत प्रतिबद्ध है।



# भारत एक अखंड राष्ट्र है, डेढ़ अरब की शक्ति है, कभी महाशिव का तांडव है तो कभी कृष्ण की भक्ति है

**अमन लेखनी समाचार**

मल्लावां, हरदोई। कस्बे के जूनियर हाई स्कूल मैदान में दिब्य आलोक सेवा फाउंडेशन के तहत विधायक आशीष सिंह, आशू के स्व पिता शिवराज सिंह की पुण्य स्मृति और भाई स्व डॉ आलोक सिंह, नीलू की आठवीं पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंगलवार की शाम को दिब्य आलोक सेवा फाउंडेशन के तहत कवि सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मन्त्री रजनी तिवारी ने स्व. शिवराज सिंह व डॉ आलोक सिंह, नीलू के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर की। कार्यक्रम कि शुरूआत करते हुए लखनऊ से आई कवित्री शशि श्रेया ने गाया रंग खुशबू नजारे नहीं चाहिए, ख्वाब भी प्यारे प्यारे नहीं चाहिए, भाल पर एक बिंदिया सजा देना तुम, मुझको चंदा सितारे नहीं चाहिए। शिवपुरी मध्यप्रदेश से आई मनु वैशाली ने कहा, उलझे है सुलझा लो, हाथ खोलकर ताली बजा लो, सरल हो जायेंगे, सिर्फ थिरक कर और जरा सा संयम। भोपाल से आए कवि अक्षर अमन ने गाया कभी व्यवहार अपना रुखा नहीं रखती, भले तन सूखता जाए, ये मन सुखा नहीं रखती। यहां दुनिया कितने है जो रोटी छीनने वाले हैं, ये धरती मां हमे लेकिन कभी भूखा नहीं रखती। कवि हरिओम पवार ने गया कोई बार मेरा भाव लगाने आता है, कोई मुझ पर दाम लगाने आता है, सत्ता और विरोधी सब बहलाते हैं, कभी-कभी मिलकर मुझको धमकाते हैं, मैं हरिओम पवार किसी से डर जाऊं, इससे अच्छा तो है मैं मर जाऊं। गाकर लोगों को वाह वाह करने पर मजबूर कर दिया। संचालन कर रहे हास्य कवि दिनेश बावरा ने हास्य कवि की रचनाओं को सुनकर श्रोताओं को हसने को मजबूर कर दिया। उन्होंने छोटे छोटे चुटकुले सुनाकर सभी मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, ब्लाक प्रमुख डॉ गीता वर्मा, चेयरमैन अनिल राठौर, संदीप सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शत्रु संपत्ति का फर्जी बैनामा कर 17 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। शाहाबाद कस्बे में फर्जी प्लॉट का बैनामा कर 17 लाख रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सिद्दीक हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार आरोपी ने कस्बे में प्लॉट संख्या 99/38 बताकर पीड़िताओं हुसनबानो व रिजवाना बेगम से 17 लाख रुपये लेकर बैनामा कराया। बाद में जब पीड़िताओं ने नगरपालिका अभिलेखों में जांच कराई तो संबंधित प्लॉट का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। पड़ताल में पता चला कि उक्त भूखंड शत्रु संपत्ति के रूप में दर्ज है, जिसका निजी बैनामा किया ही नहीं जा सकता। आरोप है कि आरोपी ने फर्जी कर रसीद और कूटरचित दस्तावेज दिखाकर पीड़िताओं को विश्वास में लिया और रकम हड़प ली। जब पीड़िताओं ने अपने रुपये वापस मांगे तो उन्हें धमकी दी गई। इसके बाद दोनों ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी सिद्दीक हुसैन को गिरफ्तार कर लिया।

# ग्राम कचीर में विद्युत विभाग का सघन चेकिंग अभियान



**, दो दर्जन बकायादारों के कनेक्शन काटे**

**अमन लेखनी समाचार**

ककरवई, झांसी। गरौठा क्षेत्र के ग्राम कचीर में बुधवार को विद्युत विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान करीब दो दर्जन बिजली बिल बकायादार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काट दिए गए। वहीं 10 उपभोक्ताओं से ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) योजना के अंतर्गत लगभग 50 हजार रुपये बकाया बिल जमा कराया गया। यह कार्रवाई बकाया वसूली एवं बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई। अवर अभियंता राममोहन सिंह चौहान ने बताया कि विभाग द्वारा वर्तमान में बिजली बिल राहत योजना संचालित की जा रही है, जिसके तहत उपभोक्ताओं को बकाया बिलों पर विशेष छूट प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना का तीसरा एवं अंतिम चरण 28 फरवरी तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपने नजदीकी विद्युत उपकेंद्र पर संपर्क कर योजना का लाभ उठाएं और समय रहते अपने बकाया बिलों का निस्तारण कराएं। चेकिंग अभियान में लाइनमैन रणविजय सिंह, महेंद्र कुमार, लक्ष्मीकांत, हर्ष पाठक सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल के सम्भावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तैयारियों का निरीक्षण कर, स्थिति का लिये जायजा

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र।राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के जनपद में संभावित कार्यक्रमों के दृष्टिगत कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी बी.एन. सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने पुलिस लाइन हेलीपैड स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया, जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हेलीपैड की लैंडिंग साइट और आसपास के क्षेत्र को पूरी तरह सुव्यवस्थित रखा जाए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पूरे परिसर का अवलोकन किया और पुलिस लाइन में सुरक्षा घेरे को अभेद्य बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट व विकास भवन में प्रस्तावित कार्यक्रमों के दृष्टिगत वहां की व्यवस्थाओं, बैठक कक्षों और परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और समय सीमा के भीतर सभी शेष कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अधिकारी शैलेश ठाकुर, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, डी0सी0 मनरेगा रविन्द्र वीर सिंह सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार



**थाना बेलघाट पुलिस की कार्रवाई, महिला संबंधी अपराध में दर्ज था मुकदमा**

**अमन लेखनी समाचार**

गोरखपुर। थाना बेलघाट क्षेत्र में दहेज हत्या के आरोप में एक अभियुक्त और एक अभियुक्ता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध पहले से मुकदमा दर्ज था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी खजनी के पर्यवेक्षण में थाना बेलघाट पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 275/85/50(2)/115(2)/352 बीएनएस व ३ दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरण में आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान श्यामनरायन पुत्र सरजू निवासी बेईली कुण्ड थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर तथा रमावती उर्फ तारा पत्नी श्यामनरायन निवासी बेईली कुण्ड थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों के विरुद्ध दहेज हत्या से संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है।

# एएसपी द्वारा पुलिस लाइन चुर्क में परेड की सलामी एवं निरीक्षण

**शारीरिक व मानसिक सुदृढ़ता हेतु कराई गई दौड़**

**अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल का अभ्यास।**

**यू0पी0-112 वाहनों एवं उपकरणों की गहन चेकिंग**

**कर्मियों की गार्द रजिस्टर पेशी एवं अभिलेखों का परीक्षण।**


**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। आज दिनांक 24.02.2026 को अनिल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क स्थित परेड ग्राउंड में मंगलवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। परेड के उपरांत पुलिस बल को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से दौड़ कराई गई। निरीक्षण के दौरान द्वारा यू0पी0-112 तथा विभिन्न थानों से आए वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण उपकरण, सुरक्षा संसाधन एवं अन्य आवश्यक सामग्री के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए उनकी कार्यशीलता की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात पुलिस लाइन परिसर स्थित क्वार्टर गार्द पर सलामी गार्द द्वारा एएसपी मुख्यालय को विधिवत सलामी दी गई, जिसका अभिवादन स्वीकार किया गया। इस अवसर पर क्वार्टर गार्द, स्टोर शाखा, परिवहन शाखा, मेस, पुलिस बैरक एवं अन्य परिसर स्थलों का भी निरीक्षण किया गया। साफ-सफाई, अनुशासन एवं संसाधनों के सुव्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने समस्त पुलिस बल को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं तत्परता के साथ जनसेवा हेतु सदैव तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।

# भोजपुरी गायिका अंतरा सिंह उर्फ प्रियंका समेत दो के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू/ कुर्की की नोटिस जारी

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। करीब 22 माह पूर्व नवरात्रि देवी जागरण कार्यक्रम के लिए एडवांस बुकिंग के बावजूद भी प्रोग्राम न करने तथा पैसा वापस मांगने पर जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित करने व लड़के को उठवा लेने की धमकी दिए जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए न्यायालय में हाजिर न होने पर भोजपुरी गायिका अंतरा सिंह उर्फ प्रियंका व इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के मालिक विकास कुमार के विरुद्ध गैर जमानती वारंट/ कुर्की की नोटिस जारी किया है। एसपी सोनभद्र को नोटिस का निष्पादन कराकर 14 मार्च 2026 को न्यायालय को कृत कार्यवाही से अवगत कराने का आदेश दिया गया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के बहुअरा गांव निवासी राजेंद्र पुत्र रामनरेश ने दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसने नवरात्रि देवी जागरण कार्यक्रम के लिए 18 अप्रैल 2024 को भोजपुरी आर्टिस्ट के संयोजक विकास कुमार को दो लाख रुपये में बुक किया गया था। जिसके लिए एडवांस एक लाख 70 हजार रुपये दे दिया गया था।शेष बकाया के भुगतान की बात कार्यक्रम संपन्न होने पर तय हुई थी। कार्यक्रम में भोजपुरी गायिका अंतरा सिंह उर्फ प्रियंका को लाने की बात तय हुई थी। उसके लिए होटल में चार कमरे बुक किए गए थे। अंतरा सिंह को देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी थी, बावजूद इसके बगैर प्रोग्राम किए ही अंतरा सिंह देर रात चली गई। जिसकी वजह से कार्यक्रम संपन्न नहीं हो सका। इससे करीब पांच लाख रुपये की क्षति हुई है। इस संबंध में पूछताछ करने पर संयोजक विकास कुमार द्वारा जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित किया गया और लड़के को उठवा लेने की भी धमकी दी गई। इस प्रकार से दोनों लोगों ने धोखाधड़ी कर क्षति पहुंचाई है। इसकी सूचना थाने पर दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं कि गई। एसपी सोनभद्र को 31 अगस्त 2024 को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। तब मजबूर होकर न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट के आदेश पर रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में धोखाधड़ी समेत एससी/एसटी एक्ट में एफआईआर दर्ज कर विवेचक द्वारा विवेचना की गई और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, एवं साइबर जागरूकता अभियान सम्पन्न

**ऑपरेशन शील्ड के तहत एसिड अटैक की रोकथाम हेतु विशेष चेकिंग अभियान।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया गया पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति 5.0) के नेतृत्व में समस्त थाना क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। अभियान के दौरान गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के सरल उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक प्रावधानों, हेल्पलाइन सेवाओं एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी तथा डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई। पुलिस द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। प्रत्येक शिकायत पर त्वरित एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
**मो. – 9838159555, 9935457982**
**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### तलाक के बाद निकोल ने मनाया गैलेन्टाइन डे, इंस्टाग्राम पर शेयर की खास पोस्ट



एक्ट्रेस निकोल किडमैन और सिंगर कीथ अर्बन के बीच पिछले महीने तलाक हो गया है। लेकिन अब एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें वो अ के ले 'गैलेन्टाइन डे' मनाती नजर आ रहीं हैं।
ऑस्कर जीत चुकीं निकोल ने इस्टाग्राम पर अपनी एक फोटो शेयर की, जिसमें वह बेड पर आराम करती नजर आ रही हैं। फोटो में उन्होंने गुलाबी और सफेद धारियों वाली शर्ट पहनी हुई है। खिड़की से आती धूप उनके चेहरे पर पड़ रही है और वह काफी शांत और खुश नजर आ रही हैं। उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी गैलेन्टाइन्स।' यह पोस्ट उनके और सिंगर कीथ अर्बन के तलाक के एक महीने बाद आया है। दोनों ने 19 साल की शादी के बाद अलग होने का फैसला लिया। उनकी दो बेटियां हैं- संडे रोज, जो 17 साल की हैं और फेथ मागरिट, जो 15 साल की हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल की गर्मियों से ही दोनों अलग रह रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, निकोल इस रिश्ते को बचाना चाहती थीं, लेकिन बाद में दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया। गैलेन्टाइन डे हर साल 13 फरवरी को मनाया जाता है। यह दिन खासतौर पर महिलाओं की दोस्ती के नाम होता है। इस दिन लड़कियां और महिलाएं अपनी सहेलियों के साथ समय बिताती हैं, पार्टी करती हैं या साथ में कुछ खास प्लान करती हैं। इसका मकसद है - दोस्ती, प्यार और अपनेपन का जश्न मनाना। यानी अगर आपके पास पार्टनर नहीं है, तब भी आप अपनी दोस्तों के साथ इस दिन को खुशी-खुशी मना सकती हैं। यह खुद से और अपनी खास सहेलियों से प्यार जताने का दिन है।

## टॉलीवुड

### नयनार के बयान पर तृषा का रिएक्शन सोशल मीडिया पर हुआ वायरल



तमिल फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस तृषा कृष्णन ने नयनार नागेंद्रन के एक बयान पर बड़ा रिएक्शन दिया है। नागेंद्रन का बयान अभिनेता-राजनेता विजय थलापति को लेकर दिया गया था, जिसमें तृषा का नाम घसीटा गया था। तमिलनाडु में चुनावी प्रचार-प्रसार के दौरान नयनार नागेंद्रन ने एक विवादित बयान दिया। ये बयान उन्होंने विजय थलापति को लेकर दिया, लेकिन इसमें उन्होंने एक्ट्रेस तृषा को भी घसीट दिया। जिसके बाद ये सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अब इस पर तृषा का भी कड़ा रिएक्शन सामने आया है। दरअसल, तमिलनाडु में चुनावी माहौल गरम है। इसी बीच नागेंद्रन ने विजय की राजनीतिक अनुभव पर विवादित बयान दिया। उन्होंने विजय को बेचारा बताया और उन पर हंसते हुए कहा, 'पहले उन्हें घर से बाहर आना होगा। वह पहले तृषा के घर से बाहर आएं, तभी कुछ हो सकता है।' यह बयान सामने आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और इसकी भाषा और लहजे को लेकर लोग नागेंद्रन पर सवाल उठाने लगे। बयान के वायरल होने पर तृषा कृष्णन का भी पोस्ट सामने आया। उनका नाम बेवजह घसीटने पर उन्होंने एक्स पर लिखा- 'अपमान को हमेशा उजागर किया जाएगा।' तृषा की ओर से यह भी साफ किया गया कि उनका किसी भी राजनीतिक पार्टी से कोई संबंध नहीं है और न ही उनका राजनीति में आने का कोई इरादा है। इसके बाद उनके लीगल एडवाइजर नित्थ्येश नटराज ने भी एक आधिकारिक स्टेटमेंट जारी किया। स्टेटमेंट में लिखा, 'मेरी क्लाइंट चाहती हैं कि उन्हें सिर्फ उनके काम से पहचाना जाए, किसी कथित राजनीतिक जुड़ाव से नहीं।

## भोजपुरी

### पहले हुआ विवाद फिर महिमा ने डिलीट की सारी पोस्ट, सिर्फ एक्टर के साथ बची हैं तस्वीर



हाल ही में पवन सिंह के साथ महिमा का नाम जुड़ रहा था, ये अफवाह तब शुरू हुई जब एक्ट्रेस को पवन सिंह के बर्थडे में देखा गया था। हालांकि, इस विवाद के बाद से महिमा ने एक्टर के साथ की तस्वीरों को छोड़कर बाकी सभी इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट कर दी है।
पवन सिंह अपनी फिल्मों या गानों को लेकर तो सुर्खियां बटोरते ही हैं, लेकिन इसके साथ ही वो अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा में रहते हैं। पिछले दिनों एक्टर के बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें वायरल हो गई थीं। इन तस्वीरों में पवन सिंह नशे में दिखे और उनके साथ एक मिस्ट्री गर्ल भी दिखाई दी, जो उनके साथ केक काटती दिखी। बाद में पता चला कि वो मिस्ट्री गर्ल महिमा सिंह हैं, जो कि पवन सिंह के साथ प्रोजेक्ट में काम कर रही हैं। बर्थडे सेलिब्रेशन में महिमा की मांग में सिंदूर देख लोगों ने पवन सिंह की तीसरी शादी का अंदाजा लगाना शुरू कर दिया। लेकिन, पवन सिंह और महिमा दोनों में से किसी ने भी इन अफवाहों पर बातचीत नहीं की है। इन अटकलों के बाद से महिमा के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पवन सिंह के साथ फोटो ने लोगों का ध्यान और खींचा। लेकिन, अब लोगों ने नोटिस किया है कि महिमा ने पवन सिंह के साथ की पोस्ट के अलावा बाकी सभी पोस्ट डिलीट कर दी है। हालांकि, जिस वक्त महिमा को लेकर चर्चा शुरू हुई थी, तो उस वक्त उनके अकाउंट पर कई सारे पोस्ट थे।

लाइफ स्टाइल



वर्साचे का कलेक्शन

वर्साचे ने डारियो विटाले का पहला (और आखिरी) कलेक्शन कैंपेन रिलीज़ किया है। सभी यूरोपियन फैशन हाउस में वर्साचे के लिए पिछले 12 महीने काफी अच्छे रहे हैं। बीते साल मार्च में डोनाटेला वर्साचे ने 27 साल टॉप पर रहने के बाद अपनी क्रिएटिव डायरेक्टर की भूमिका को अलविदा कह दिया। उनकी जगह जल्द ही डारियो विटाले ने ले ली, जो प्राडा के छोटे सिस्टर ब्रांड, मिउ मिउ में पहले डिज़ाइन डायरेक्टर थे। विटाले ने सितंबर में अपना पहला कलेक्शन पेश किया जिसे क्रिटिक्स ने बहुत पसंद किया।

## बालों को घर में कलर करना हैं तो इन बातों का रखें ध्यान

हर बार पार्लर में जाकर हेयर कलर कराना काफी महंगा पड़ जाता है, जिसके चलते बहुत से लोग तो घर पर ही बालों को कलर कर लेते हैं। घर पर बाल कलर करते समय अगर आप कुछ बातों का ध्यान नहीं रखेंगे तो इससे आपके बाल डैमेज हो सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको बाल कलर करने के कुछ सही तरीके बताने जा रहे हैं, ताकि आपके बालों में लंबे समय तक रंग टिका रहे। इसके साथ ही इन बातों का ध्यान रखने से आपके बाल खराब नहीं होंगे।

### जरूर करें पैच टेस्ट


अगर आप अपने घर पर ही बालों को कलर करने जा रही हैं तो सबसे पहले पैच टेस्ट जरूर करें। ऐसा करने से आपको ये पता लग जाएगा कि कहीं आपके बालों को ये कलर एलर्जी तो नहीं कर रहा। इसका पैच टेस्ट करने के लिए आप इस रंग को कान के पीछे या कलाई पर लगाएं। टेस्ट करने के बाद 24 घंटे इंतजार करके देखें कि कहीं इससे कुछ दिक्कत तो नहीं हो रही।

### सही से पढ़ें इंस्ट्रक्शंस

आप बाजार से जो भी कलर लेकर आएं हों उसका डिब्बा तुरंत फेंके नहीं। सबसे पहले डिब्बे पर दिए गए इंस्ट्रक्शंस को सही से पढ़ें और उसी के हिसाब से ही कलर लगाएं। सही प्रोसेस से कलर लगाने से आपके बालों में कलर सही से लगेगा।

### समय का रखें ध्यान

बाजार में मिलने वाले हेयर कलर में ये लिखा होता है कि इसे कितने




वक्त तक लगा कर रखना है। अगर आप समय से ज्यादा इसे लगाएंगे तो इससे आपके बाल डैमेज हो सकते हैं।

### नॉन-अमोनिया हेयर कलर का करें चयन

बालों के लिए कलर खरीदते वक्त ध्यान रखें कि ये नॉन-अमोनिया हेयर कलर हो। इससे केमिकल की स्मेल नहीं आती है। इसके साथ ही आंखों में जलन का खतरा भी कम हो जाता है।

## भूल जाएं भारी ज्वेलरी, चलन में आ गए इस तरह के गहने



हल्के-आकर्षक नेकलेस और पेंडेंट ने भारी-भरकम जेवरों के चलन को पीछे कर दिया है। नई-नई डिजाइन में आए पेंडेंट हर उम्र में हर ड्रेस के साथ कैरी किए जा सकते हैं। कई तरह के नेकलेस और पेंडेंट इन दिनों ट्रेंड में हैं। ये अलग-अलग आउटफिट के लिए अलग-अलग डिजाइन में मौजूद हैं। आप अपनी पसंद के कपड़ों के साथ ये हल्के पेंडेंट कैरी करके खूबसूरत दिख सकती हैं।



खास बात यह कि इन नेकलेस और पेंडेंट को हर उम्र की महिला, चाहे वह गृहिणी हो, नौकरीपेशा हो या कॉलेज गोइंग गर्ल, सभी अपनी पसंद के हिसाब से पहन सकती हैं। ये अन्य आभूषणों से बेहद हल्के होते हैं, इसलिए इनको आप हर तरह के कपड़ों, जैसे कि सूट, साड़ी, लहंगा और जींस-टॉप पर पहन सकती हैं।

### लेयर्ड पेंडेंट


लेयर्ड पेंडेंट की खास बात यह है कि यह चेन के साथ कई अन्य मैटेरियल में आते हैं। जिन महिलाओं को चेन पहनने पर गले में खुजली और लाल चकत्ते पड़ते हैं, वे लेयर्ड पेंडेंट पहन सकती हैं। लेयर्ड पेंडेंट मुख्यतः तीन लेयर का होता है, मगर अब यह कई लेयर में भी उपलब्ध है, इसलिए आप अपनी पसंद से कितनी ही लेयर का पेंडेंट खरीद सकती हैं। इस पेंडेंट को आप सूट और सिंपल साड़ी पर पहन सकती हैं। हाई नेक टॉप पर यह पेंडेंट सबसे ज्यादा फबता है। आजकल कॉलेज की लड़कियां इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल करती हैं, जो उनकी गर्दन की शोभा को और बढ़ा देता है।

### फ्लोरल लेयर्ड पेंडेंट

ये पेंडेंट दिखने में बहुत खूबसूरत और क्लासी होते हैं और हर आउटफिट के साथ फिट होते हैं। इस साल सबसे ज्यादा ट्रेंड में सूरजमुखी डिजाइन वाला फ्लोरल लेयर्ड पेंडेंट रहा, लेकिन अब ये डेजी और अन्य फ्लोरल डिजाइन में भी आने लगे हैं।

## ब्राइडल लहंगे के लिए ये ट्रेंडी कलर्स रहेंगे बिल्कुल परफेक्ट

ब्राइडल वियर के लिए आपको कई ऑप्शन आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप अपने लुक को स्टेटमेंट देना चाहती हैं तो आउटफिट का चुनाव लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से ही करें। शादी का दिन हम सभी के लिए बेहद खास होता है और इस दिन के लिए हम अपने लुक को कई तरह से कस्टमाइज करवाना भी पसंद करते हैं। वहीं हर वेडिंग सीजन में नए-नए ट्रेंड्स आते हैं, जिन्हें देखकर आगे आने वाले कलेक्शन का अंदाजा हम सब अंदाजा लगाते हैं। बदलते दौर में अपने ब्राइडल वियर को खास बनाने के लिए लेटेस्ट कलर में चल रहे डिजाइंस चुनना बेहद जरूरी होता है। ब्राइडल कलेक्शन की बात करें तो हाल ही इंडिया कोचर फैशन वीक हुआ है, जिसमें काफी बड़े-बड़े नामी डिजाइनर ने अपनी आने वाली वेडिंग कलेक्शन को दिखाया। तो चलिए इन्हीं के हिसाब से जानते हैं कि आने वाले वेडिंग सीजन में आखिर क्या हो सकते हैं ब्राइडल ट्रेंड्स में चल रहे कलर्स। साथ ही बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।



## लुक को स्टाइलिश बनाने स्लीव्स के इन डिजाइंस पर एक नजर जरूर डालें

स्टाइलिश दिखना हम सभी को बेहद पसंद होता है। इसके लिए हम आए दिन हम नए से नए फैशन ट्रेंड को फॉलो भी करते हैं। वहीं लगभग हर तरह की आउटफिट को स्टेटमेंट लुक देने के लिए स्लीव्स के लिए लेटेस्ट चलन में चल रहे डिजाइन को चुनना जरूरी होता है। आजकल आपको इन्टरनेट पर कई तरीके के स्लीव्स डिजाइन आसानी से देखने को मिल जाएंगे। हालांकि इसे स्टाइलिश लुक देने के लिए भी स्टाइलिंग पर काफी अच्छी तरह से ध्यान भी दिया जाता है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं स्लीव्स के लिए कुछ लेटेस्ट डिजाइंस जिसे आप साड़ी से लेकर लहंगे तक या किसी भी तरह की ट्रेडिशनल लुक के साथ कर सकती हैं स्टाइल। साथ ही बताएंगे उससे जुड़ी अमेजिंग स्टाइलिंग टिप ताकि आप दिखे अप-टू-डेट।

### बैलून स्टाइल स्लीव्स

अगर आप एक आउटफिट को अलग-अलग लुक में कैरी करना चाहती हैं तो इस तरीके से अलग से बैलून बनवा सकती हैं। बैलून स्टाइल को आप अपनी स्किसी भी स्लीवलेस ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। इस तरह की बैलून बनवाने के लिए आप सिल्क या क्रेप के कपड़े का इस्तेमाल कर सकती हैं।



कार्नर न्यूज

## शादियों में जाएं तो खास ढंग से सूट पहनकर दिखाएं जलवा, महफिल हो जाएगी फिदा

सब हेडिंग- मौसम शादियों का है तो पीछे क्यों रहें दूल्हे के दोस्त

शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में जिसके घर में भी शादी है, वो धूमधाम से उसकी तैयारियों में लगा है। घर की शादी के लिए तो सभी घरवाले उत्साहित रहते हैं, लेकिन हमारी जिंदगी में कुछ ऐसे लोग भी होते हैं, जो घरवाले तो नहीं होते, पर उनकी जगह परिवारवालों से कम भी नहीं होती। हम बात कर रहे हैं दोस्तों की। अपने दोस्त की शादी के लिए हर कोई काफी उत्साहित रहता है। जिस तरह से लड़कियां अपनी खास सहेली की शादी के लिए नई साड़ी, नए गहनें खरीदती हैं, ठीक उसी तरह से लड़के भी अपने दोस्त की शादी में जलवा दिखाने के लिए नए-नए सूट बनवाते हैं। अगर आपके दोस्त की भी शादी होने वाली है, और आप अपने लिए नया सूट बनवाने का सोच रहे हैं, तो हम आपको इसके कुछ विकल्प दिखाने जा रहे हैं। आप शाहिद कपूर से टिप्स लेकर अपने लिए सूट तैयार करा सकते हैं।

### पर्पल सूट



अगर आप हर तरह के रंगों को पहनना पसंद करते हैं, तो पर्पल रंग का सूट आप पर काफी जचेगा। इसके साथ पैरों में ब्लैक कलर के स्टाइलिश जूते और ब्राउन कलर का चश्मा लोगों को आपका दीवाना बना सकता है।

### समर सूट

अगर आपके दोस्त की शादी दिन में है, तो ये सूट आपके लिए एक बेस्ट विकल्प साबित हो सकता है। इस समर सूट लुक को पूरा करने के लिए आप इसके साथ स्नीकर्स कैरी कर सकते हैं। इस तरह के सूट के साथ स्नीकर्स काफी कमाल के लगेंगे।

### मैटेलिक सूट

अगर कुछ चमकदार पहनने का सोच रहे हैं, तो इस तरह का मैटेलिक सूट आपको अलग दिखाएगा। इसकी चमक आपको बाकियों से अलग रखेगी। इसके साथ पैरों में मेटल रंग के ही लोफर पहनकर आप अपना जलवा दिखा सकते हैं।

### धोती सूट

अगर आप पैंट में असहज महसूस करते हैं, तो इस तरह का धोती-सूट पहनकर अपना जलवा दिखा सकते हैं। ये ब्लू रंग का धोती सूट आपको स्टाइलिश दिखने में मदद करेगा। आप चाहें तो इसके साथ स्पोर्ट्स शूज पहन सकते हैं।

### पिनस्ट्रिप सूट

इस तरह का सफेद रंग का पिनस्ट्रिप सूट आपको अलग दिखने में मदद करेगा। ऐसे सूट के साथ ब्लैक रंग के जूते पहनें। ये आपको क्लासी दिखने में मदद करेंगे। इस पिनस्ट्रिप सूट से साथ आप अगर ब्लैक टीशर्ट पहनेंगे तो इससे आपका लुक कंप्लीट होगा।

